# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 183 ■ अम्बिकापुर, बुधवार 15 जुलाई 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# महात्मा के वेश में आये लोगों का मंदिर परिसर में कब्जा, कर रहे पेड़ों की कटाई

## मैनपाट के लालमुड़ा से जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों ने कहा-गांव का माहौल अशांत हो रहा







**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के तहसील मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत नर्मदापुर के लालमुड़ा स्थित शिव मंदिर में महात्मा के वेश में दिगर राज्य से आए लोगों के द्वारा अतिक्रमण और पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। ग्रामीणों ने एसडीएम सीतापुर का ध्यान इस ओर कराया था और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन यथास्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को भी पूछताछ में इनके पास ऐसा कोई पुष्ट दस्तावेज नहीं मिला, जिससे इनके वास्तविक ठौर-ठिकाने की पुष्टि हो सके।

मंगलवार को काफी संख्या में मैनपाट इलाके से कलेक्टर के जनदर्शन में पेड़ काटने और ग्रामीणों को दी जा रही धमकी का वीडियो व लिखित शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने पेड़ काटने के साथ ही विरोध में सामने आने वाले ग्रामीणों को भी काट देने की धमकी देने का आरोप लगाया है। गया प्रसाद यादव, गोविंद यादव, राहुल, रोशन, मनोज सहित अन्य ने बताया कि, ग्राम लालमुड़ा में शासकीय भूमि पर वर्षों से शिव मंदिर स्थित है। इस परिसर में जन सहयोग और शासकीय योजना के तहत समतलीकरण, वृक्षारोपण सहित अन्य कार्य कराए गए हैं। यहां सैकड़ों की संख्या में नीलगिरी के पेड़ लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग दो महीने से महात्मा के वेश में अन्य प्रांत से आए 5 लोग यहां झोपड़ी और शेड बनाकर रहने लगे। जब ग्रामीण मंदिर में पूजा करने जाते हैं तो इनके द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज किया जाता है। इनके द्वारा मंदिर परिसर में लगे सैकड़ों नीलगिरी के पेड़ों को खुलेआम काटा जा रहा है। मना करने पर मारपीट और गाली-गलौज करने लगते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि, शासकीय परिसर में हो रहे अवैध अतिक्रमण को तत्काल रोका जाए। बाहर से साधु के वेश में आकर गांव का माहौल खराब करने में लगे लोगों को यहां से हटाया जाए और इनकी गहन जांच की जाए। इनके द्वारा अवैध रूप से बनाए गए शेड को हटाया जाए, ताकि गांव का माहौल शांतिपूर्ण बना रहे और श्रद्धालु मंदिर में निर्भय होकर पूजा कर सकें।

### महिलायें मंदिर जाने से कतरा रहीं

ग्रामीणों का कहना है कि इन लोगों के डर से गांव की महिलाएं और बच्चियां मंदिर में पूजा-पाठ करने नहीं जा पा रही हैं। आरोप है कि दिगर राज्यों से आये लोग इस परिसर को कब्जा करके अपनी निजी संपत्ति बनाने के प्रयास में लगे हैं। इसमें गांव के ही कुछ लोगों की मिलीभगत और पैसे का लालच देकर शासकीय जमीन को निजी व्यक्तियों के पास बेचने की कोशिश जैसे आरोप भी लग रहे हैं। इनके द्वारा सामने लाये गये वीडियो में गुलाबी गमछा और सिर में पट्टा बांधा एक व्यक्ति, मंदिर परिसर में नीलगिरी के पेड़ को कुल्हाड़ी से काटते नजर आ रहा है।

### मंदिर में पुजारी को घुसने से रोका

पुजारी गया प्रसाद यादव का कहना है कि शिव मंदिर में पूजा करते चार दशक से अधिक हो गए, दो माह पहले महात्मा के वेश में आये लोगों को गांव के ही कुछ लोगों ने शरण दिया, अब इनके द्वारा मंदिर परिसर में लगे पौधों पर टांगा चलाया जा रहा है। पूछताछ करने पर लाठी और टांगी का भय दिखाकर उन्हें एक-एक करके पेड़ की तरह काट देने की धमकी दी जाती है। पुजारी का कहना है कि, उन्हें तीन दिनों तक इनके द्वारा मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया गया, और अनर्गल बातें करते हुये भयादोहन करने की कोशिश लगातार की जा रही है।

# बलरामपुर के तामेश्वरनगर में स्थित हवाई पट्टी 2.34 करोड़ भुगतान के बाद भी अधूरा

## कमिश्नर द्वारा 15 दिन में मांगे गये जांच रिपोर्ट का 2 महीने बाद भी पता नहीं

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** जिले के तामेश्वर नगर स्थित हवाई पट्टी के जीर्णोद्धार कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. डीके सोनी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार पर फर्जी माप पुस्तिका, फर्जी बिल-वाउचर और दस्तावेजों में कूटरचना कर 2.34 करोड़ रुपये के भुगतान का आरोप लगाया है। सबसे गंभीर बात यह है कि संभागीय आयुक्त द्वारा 15 दिन में जांच रिपोर्ट देने के दिये गये आदेश के बावजूद लगभग 2 महीने बीतने को हैं, रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है।

बता दें कि, तामेश्वर नगर हवाई पट्टी के उन्नयन कार्य के लिए राज्य शासन ने 28 जून 2024 को तकनीकी स्वीकृति दी थी। इसके बाद 17 जनवरी 2025 को लगभग 3 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से वर्क ऑर्डर जारी किया गया। अनुबंध के अनुसार कार्य को 4 महीने में पूरा करना था, लेकिन निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी आज तक कार्य अधूरा है। आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ. डीके सोनी का आरोप है कि मौके पर जाकर देखने पर


कार्यालय संभागायुक्त सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर (छत्तीसगढ़)

Digitally signed by Rakumar Khute Date: 29-05-2026

जितना काम दिखाई नहीं देता, उससे कहीं ज्यादा का भुगतान किया जा चुका है। इनका कहना है कि अब तक लगभग 2 करोड़ 34 लाख रुपये का भुगतान ठेकेदार को किया जा चुका है। उन्होंने फर्जी माप पुस्तिका, फर्जी बिल-वाउचर तैयार कर दस्तावेजों में कूटरचना और शासकीय राशि का आहरण करने जैसे गंभीर आरोप लगाये हैं, और कहा है कि, इसमें लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत को नकारा नहीं जा सकता है।

### जांच के नाम पर लेटलतीफी

इस अनियमितता को लेकर डॉ. सोनी ने 12 मई 2026 को सरगुजा संभागीय आयुक्त को लिखित शिकायत पत्र सौंपा। शिकायत को संज्ञान लेते हुए 19 मई को संभागीय आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर 15 दिवस के भीतर विधिवत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन 2 महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो रिपोर्ट आई और न ही शिकायतकर्ता को जांच प्रक्रिया में शामिल किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच को जान-बूझकर लंबित रखकर अधिकारियों और ठेकेदार को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। नीचे से लेकर ऊपर तक मिलीभगत के बिना इतना बड़ा भ्रष्टाचार संभव नहीं है। प्रभावशाली लोगों के संरक्षण के कारण दोषियों का मनोबल बढ़ा हुआ है।'

### न्यायालय जाने की चेतावनी

डॉ. डीके सोनी ने चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष और समयबद्ध जांच नहीं हुई तो वे मुख्य अभियंता सहित संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध न्यायालय की शरण लेंगे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि 15 दिन में मांगी गई जांच रिपोर्ट कहां है। अगर जांच पूरी हो चुकी है तो इसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन लखनपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटिंदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने सोमवार की रात अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सुपुर्द किया है।

जानकारी के मुताबिक पवन पण्डो पिता स्व. बुडगी 28 वर्ष, निवासी ग्राम सलका, प्रेमनगर 13 जुलाई, सोमवार की रात लगभग 7 बजे मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीजेड 2870 में अपने रिश्तेदार के घर ग्राम बंधा बगदेवा दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने गया था। यहां से ग्राम भुरकुड़वा ससुराल जाने के दौरान कटिंदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने जैसे ही वह पहुंचा, अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे पवन पण्डो को गंभीर चोटें आईं हैं। स्वजन एंबुलेंस से उसे लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, यहां जांच के बाद डॉक्टर ने पवन को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना परिजनों ने लखनपुर पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

# कोटवारी सेवाभूमि के वर्तमान में अलग खातेदार, 17 तक न्यायालय में पक्ष रखना होगा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा) अंबिकापुर द्वारा प्राप्त निर्देशों एवं छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर के निर्देशानुसार कोटवारों द्वारा विक्रय की गई कोटवारी/सेवाभूमि के विरूद्ध समुचित कार्रवाई किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

तहसीलदार अंबिकापुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि ग्राम मनीपुर के सरगुजा सेटलमेंट में खसरा नंबर 378 रकबा 0.064 एकड़ भूमि कोटवारी मद में सोमा मुन्डा वल्द तेलंगा मुन्डा, कौम मुन्डा सा. अपुर टोला मनीपुर के नाम पर दर्ज है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में खसरा नंबर 378/5 रकबा 0.024 हे. भूमि प्रमीला राजवाड़े पति नन्दकिशोर राजवाड़े जाति रजवार के नाम पर कृषि भूमि के रूप में दर्ज है। ग्राम मनीपुर के सरगुजा सेटलमेंट में खसरा नंबर 378 रकबा 0.064 एकड़ भूमि कोटवारी मद में सोमा मुन्डा वल्द तेलंगा मुन्डा कौम मुन्डा सा. अंपुर टोला मनीपुर के नाम दर्ज है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में खसरा नंबर 378/3 रकबा 0.061 हे. भूमि विमला त्रिपाठी पति संतोष कुमार त्रिपाठी वर्ग सामान्य पता अंपुर के नाम पर कृषि के रूप में दर्ज है।ग्राम मनीपुर के सरगुजा सेटलमेंट में खसरा नंबर 378 रकबा 0.064 एकड़ भूमि कोटवारी मद में सोमा मुन्डा वल्द तेलंगा मुन्डा कौम मुन्डा सा.अपुर टोला मनीपुर के नाम दर्ज है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में खसरा नंबर 378/1 रकबा 0.054 हे. भूमि आनन्द कुमार पिता मिश्रीलाल जाति पनिका के नाम पर कृषि भूमि के नाम पर दर्ज है। ग्राम मनीपुर के सरगुजा सेटलमेंट में खसरा नंबर 378 रकबा 0.064 एकड़ भूमि कोटवारी मद में सोमा मुन्डा वल्द तेलंगा मुन्डा कौम मुन्डा सा. अंपुर टोला मनीपुर के नाम दर्ज है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में खसरा नंबर 378/8 रकबा 0.012 हे. भूमि शशिकला पति अनंत कुमार वर्ग सामान्य, पता राजनगर कॉलोनी अनुपपुर थाना/तहसील अनुपपुर म.प्र. के नाम कृषि भूमि दर्ज है।

### *नोटिस अदम तामिल नहीं, प्रकरण विचाराधीन*

वर्तमान भूमि स्वामी, खातेदारों को सुनवाई हेतु नोटिस जारी कर आहूत किया गया, किन्तु संबंधित व्यक्ति का पता सही होने के कारण अदम तामिली मालजमादार द्वारा नोटिस वापस किया गया है, जो इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। अत: वर्तमान खातेदार/भूमिस्वामियों को सूचना पत्र तामिली नहीं हो पाने के कारण पेशी 17 जुलाई को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

# नामनिर्दिष्ट पार्षदों को कलेक्टर ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

## गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने दी शुभकामनाएं





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को नामनिर्दिष्ट पार्षदों (एल्डरमैन) का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर अजीत वसंत ने नवमनोनीत एल्डरमैन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वाले नामनिर्दिष्ट पार्षदों में करता राम गुप्ता, सावित्री जायसवाल, रमेश जायसवाल, संतोष दास, श्रीधर केसरी, राजबहादुर सिंह एवं शरद सिन्हा शामिल रहे। दो नामनिर्दिष्ट पार्षद तजिंदर बग्गा व किरण सोनी की अनुपस्थिति के कारण वे शपथ से वंचित रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने सभी नवमनोनीत पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर विकास, सुशासन एवं जनसेवा में पार्षदों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए पार्षद शहर के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नामनिर्दिष्ट पार्षद पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं समर्पण के साथ नागरिकों की सेवा करेंगे तथा अंबिकापुर को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित शहर बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। महापौर मंजूषा भगत ने सभी एल्डरमैन को बधाई देते हुए कहा कि निगम में आप सभी के आ जाने से उनकी टीम और मजबूत हो गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि मनोनीत पार्षदों की निगम में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आप जनता की आवाज बनकर सबकी उम्मीदों पर खरे उतरें। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन निगम आयुक्त डीएन कश्यप ने किया। शपथ समारोह में अनिल सिंह मेजर, ललन प्रताप सिंह के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों, एमआईसी सदस्यों, निगम पार्षदों सहित गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।

# शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में बी ट्रामा रेडी और सेफ केयर-सेफ पेशंट विषय पर प्रशिक्षण






**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, अंबिकापुर द्वारा विद्यांता गुरुग्राम के सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र अजिरमा, के सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर के डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, एनेस्थीसिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश निगम एवं शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय अंबिकापुर की प्राचार्या फगनी ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला के प्रथम दिवस बी ट्रामा रेडी और दूसरे दिवस सेफ केयर सेफ पेशंट विषय पर प्रशिक्षण विद्यांता, गुरुग्राम के 5 आमंत्रित प्रशिक्षकों ने दिया।

इस दो दिवसीय कार्यशाला में 11 नर्सिंग महाविद्यालयों एवं शासकीय चिकित्सालय से शिक्षिकाओं और पीजी छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को आपातकालीन ट्रामा केयर, रोगी सुरक्षा प्रोटोकॉल, क्लिनिकल स्किल्स और टीमवर्क के महत्व पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से उनके क्लिनिकल कौशल, आत्मविश्वास, टीमवर्क और रोगी सुरक्षा के प्रति जागरूकता में काफी वृद्धि हुई है। आयोजकों ने विद्यांता गुरुग्राम के प्रशिक्षकों और सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### शराब पीने के लिये रुपये नहीं देने पर सिर में कड़ा से हमला

**छ.ग.फ्रंटलाइन लुण्ड्रा।** लूडो खेलने के दौरान पुराने विवाद को लेकर युवक से मारपीट कर सिर फोड़ने का मामला सामने आया है।

ग्राम करदोनी निवासी अरुण खलखो ने पुलिस को बताया है कि 13 जुलाई की शाम को 5.30 बजे राकेश किराना दुकान के पास वह अपने साथियों के साथ लूडो खेल रहा था। इसी दौरान दीपक यादव पहुंचा और तुम मुझे पुलिस से पकड़वाये हो, अभी मैं जेल से आया हूं, कहते हुए गाली देने लगा और धमकाते हुए शराब पीने के लिये पैसा मांगा। रुपये नही देने पर अपने हाथ में पहने हुए कड़ा से सिर में हमला कर दिया, जिससे खून निकलने लगा। इस दौरान साथी सूरज नागेश और आस-पास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की शिकायत लुण्ड्रा थाने में की गई है, जिस पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# राजसात धान एवं चावल की 21 जुलाई को होगी नीलामी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** खाद्य अधिकारी ने बताया कि जप्तशुदा धान 10 बोरी वजन लगभग 4 क्विंटल एवं चावल 40 बोरी वजन लगभग 20 क्विंटल को राजसात किया जाना है। जप्तशुदा चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली का है। चावल स्टेट वेयर हाउस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, चठिरमा गोदाम अंबिकापुर में सुरक्षित भण्डारित है, जिसकी 21 जुलाई को निलामी की कार्रवाई की जानी है। इच्छुक व्यापारी एवं राइस मिलर निर्धारित तिथि को निलामी में भाग ले सकते हैं।


(बालाजी क्लीनिक)
मद्रासी दवाखाना
Reg. No. Cg03026
ISO 9001: 2015 CERTIFIED

बादी एवं खूनी बवासीर, नासूर, भगंदर, फीसर एवं कांच (गुदा) का क्षार सूत्र से, एवं आंतों की बीमारियों जैसे पेट का भारीपन, गैस, कब्ज, पुरुष और स्त्री के गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक उपचार किया जाता है।

डॉ. के.एम. राव
एम.एस.(आयु) शल्य
भूतपूर्व प्राध्यापक शल्य विभाग
शासकीय आयुर्वेद कॉलेज अहमदाबाद

समय :- सोमवार से शनिवार, सुबह 10 से 2, शाम 6 से 7:30
रविवार सुबह 10 से 2, शाम को बंद रहेगा

बिलासपुर रोड, बिलासपुर चौक, अम्बिकापुर मो. 90099-56307

# शौच के लिए निकले मजदूर पर हाथी का हमला, पैर कुचलकर किया चकनाचूर

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**विश्रामपुर।** सूरजपुर वन मंडल के कल्याणपुर बीट में जंगली हाथियों की दस्तक आखिरकार एक बड़ी घटना में बदल गई। पिछले तीन दिनों से जंगल और गांवों के आसपास विचरण कर रहे हाथियों ने सोमवार सुबह एक मजदूर पर जानलेवा हमला कर दिया। शौच के लिए जंगल किनारे गए मजदूर को हाथी ने जमीन पर पटकने के बाद उसके बाएं पैर को बुरी तरह कुचल दिया। मजदूर की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, तब तक हाथी जंगल की ओर बढ़ चुका था। गंभीर रूप से घायल मजदूर को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना के बाद कल्याणपुर हरिजनपारा और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। घायल की पहचान सुंदरपाल पिता गोपाल के रूप में हुई है। वे मूल रूप से भुम्मा थाना मीरापुर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और वर्तमान में कल्याणपुर के एक गुड़ फैक्ट्री में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। सोमवार सुबह वह रोज की तरह शौच के लिए जंगल किनारे गए थे। इसी दौरान कल्याणपुर बीट के कक्ष क्रमांक पी-2572 में छिपे एक हाथी से उनका सामना हो गया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, हाथी ने उन पर हमला बोल दिया और उनके एक पैर को इतनी बुरी तरह कुचल दिया कि पैर की हड्डियां टूट गई हैं। वन विभाग के अनुसार अखोरा बीट से निकले दो हाथी तीन दिनों से सूरजपुर वन मंडल के कल्याणपुर क्षेत्र में विचरण कर रहे थे। हाथियों की लगातार गतिविधियों के कारण वन विभाग, हाथी मित्र दल और ग्रामीणों को पहले ही सतर्क कर दिया गया था। दिनभर हाथियों की लोकेशन पर नजर रखी जा रही थी और लोगों से जंगल नहीं जाने की अपील की जा रही थी। सोमवार को सूचना मिली कि दोनों हाथी बलरामपुर जिले की ओर चले गए हैं। इससे ग्रामीणों और वन अमले ने राहत की सांस ली, लेकिन कुछ ही देर बाद खबर आई कि एक हाथी फिर से कल्याणपुर हरिजनपारा में लौट आया है। इसके बाद वन विभाग पूरी रात उसकी निगरानी करता रहा। वन विभाग और हाथी मित्र दल ने पूरी रात मशक्कत कर मंगलवार तड़के करीब सुबह 4.30 बजे हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया। अधिकारियों को लगा कि अब खतरा टल गया है। लेकिन कुछ ही देर बाद सूचना मिली कि उसी हाथी ने जंगल किनारे शौच हेतु गए सुंदरपाल पर हमला कर दिया है। सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर हेमलाल साहू, कल्याणपुर बीट के वनरक्षक देवकुमार सिंह, मंजीरा व लटोरी बीट के वनरक्षक कोश प्रसाद राजवाड़े, मोहनपुर बीट के वनरक्षक गौरांग प्रधान तथा हाथी मित्र दल के सदस्य मौके पर पहुंचे। घायल मजदूर को प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर भेजा गया, जहां इलाज जारी है। वन विभाग ने घायल मजदूर को तत्काल राहत की आर्थिक सहायता प्रदान कर दी है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि नियमानुसार आगे की मुआवजा प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी।



**वन विभाग की चेतावनी, न जाएं जंगल**

घटना के बाद वन विभाग कल्याणपुर हरिजनपारा, घाघीटिकरा और आसपास के गांवों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि फिलहाल जंगल में खुखड़ी पुटू बीनने, लकड़ी लाने, मवेशी चराने या किसी भी अन्य कार्य से बिल्कुल न जाएं।

**मानव-हाथी संघर्ष बना बड़ी चुनौती**

सूरजपुर और बलरामपुर जिले में बीते कुछ वर्षों से जंगली हाथियों की आवाजाही लगातार बढ़ी है। भोजन और सुरक्षित आवास की तलाश में हाथी अक्सर गांवों और खेतों तक पहुंच जाते हैं। इससे फसलें तो बर्बाद होती ही हैं, कई बार इंसानों पर भी हमले हो जाते हैं। कल्याणपुर की यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि मानव और वन्यजीव संघर्ष लगातार गंभीर होता जा रहा है।

## डेंगू रोकथाम एवं जन-जागरूकता के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** वर्षा ऋतु के दौरान डेंगू रोग की रोकथाम एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलने वाला वायरल रोग है। यह मच्छर प्रायः दिन के समय काटता है तथा घरों एवं आसपास जमा साफ पानी में पनपता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विजय कुमार सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि अपने घरों, छतों, कूलर, गमलों, टायरों, ड्रम, बाल्टी एवं अन्य पात्रों में पानी जमा न होने दें। सप्ताह में कम से कम एक दिन ड्राई डे मनाते हुए कूलर एवं पानी रखने वाले बर्तनों को खाली कर साफ करें। पानी की टंकियों को हमेशा ढककर रखें तथा आसपास स्वच्छता बनाए रखें।

## खरीफ सीजन में दलहन उत्पादन बढ़ाने किसानों को मिले बीज

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**विश्रामपुर।** खरीफ सीजन में दलहन उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से सूरजपुर जिले में कृषि विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है।

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत मानी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत संचालित आत्मनिर्भरता दलहन मिशन योजना के तहत किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर अरहर एवं उड़द के उन्नत किस्म के बीजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर योजना का लाभ उठाया और आधुनिक खेती की नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम कलेक्टर रैना जमील तथा उपसंचालक कृषि सूरजपुर संपदा पैकरा के मार्गदर्शन में किया गया। कृषि अधिकारियों ने बताया कि सरकार का उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराकर दलहन उत्पादन में वृद्धि करना है, जिससे किसानों को बेहतर पैदावार के साथ अधिक आर्थिक लाभ मिल सके। दलहन फसलें जहां मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायक होती हैं, वहीं बाजार में भी इनकी अच्छी मांग रहती है।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मानी के सरपंच प्रतिनिधि रामप्रसाद सिंह, उपसरपंच बोधन सिंह तथा ग्राम पंचायत डेंडरी के सरपंच कामता प्रसाद ने किसानों को बीज वितरित करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों से उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने और समय पर बुवाई कर बेहतर उत्पादन हासिल करने की अपील की। इस अवसर पर कृषि विस्तार अधिकारी नीलकमल मिश्रा, किसान मित्र शामनाथ सिंह तथा हरिश्चंद्र राजवाड़े ने किसानों को खरीफ फसलों की वैज्ञानिक खेती, संतुलित उर्वरक उपयोग, बीज उपचार, रोग एवं कीट प्रबंधन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर तकनीकी जानकारी दी। साथ ही किसानों को मौसम के अनुसार खेती की रणनीति अपनाने की सलाह भी दी गई। इस दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की विस्तृत जानकारी भी दी गई।




## जनदर्शन में कलेक्टर ने आम नागरिकों की सुनीं समस्याएं

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के समक्ष जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सोनवाही जंगल में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**विश्रामपुर।** अंबिकापुर-बनारस हाईवे मार्ग पर मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। लगातार हो रही बारिश के बीच सोनवाही जंगल में द्वारिकानगर काली मंदिर तिराहा के पास अज्ञात वाहन ने युवक की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। लटोरी पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान 26 वर्षीय सुनील कुमार राजवाड़े पिता दिलबंधु राजवाड़े निवासी ग्राम पंचायत खर्री, थाना ओड़गी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुनील राजवाड़े मंगलवार शाम करीब 4 बजे अपनी मोटरसाइकिल से किसी काम से अंबिकापुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सोनवाही जंगल के समीप द्वारिकानगर काली मंदिर तिराहा के पास बारिश के बीच तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना मिलते ही लटोरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान की गई है। इसके बाद पुलिस ने तत्काल परिजनों को घटना की सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक परिजन घटनास्थल नहीं पहुंच पाए थे, जिसके कारण युवक के अंबिकापुर जाने का उद्देश्य और अन्य विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी थी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।




# जिले में किरायेदारों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य

### कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में कानून-व्यवस्था एवं नागरिक सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगरीय क्षेत्र एवं नगर के बाह्य क्षेत्रों के लिए किरायेदारों के अनिवार्य सत्यापन के संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के तहत जिले के सभी मकान मालिकों को अपने यहां निवासरत अथवा नए किरायेदारों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।

जारी निर्देशों के अनुसार मकान मालिकों को संबंधित थाना अथवा चौकी में अपने किरायेदार की आवश्यक जानकारी उपलब्ध करानी होगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में मकान मालिक अपना मकान किरायेदार को नहीं देगा, जब तक उसका पूर्ण विवरण संबंधित थाना प्रभारी को प्रस्तुत नहीं करेगा। संबंधित थाना प्रभारी को जानकारी दिए बगैर कोई व्यक्ति/प्रतिष्ठान भवन किराये पर दे या ले नहीं सकेगा। आदेश जारी तिथि के पूर्व से ही जो व्यक्ति किरायेदार की हैसियत से रह रहे हैं, उनके मकान मालिक भी थाना प्रभारी को किरायेदार के संबंध में तत्काल सूचित करेंगे। किसी भी व्यक्ति को वैध पहचान पत्र के बिना आवास किराये पर ना दिया जाए। मकान मालिक सभी किरायेदार का नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं पहचान पत्र क्रमांक अनिवार्य रूप से दर्ज करेंगे तथा संबंधित थाना प्रभारी को दी गई सूचना में इसका उल्लेख करेंगे। मकान मालिक अपने किरायेदार या उनके यहां आये आगंतुक की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत निकटतम पुलिस थाना चौकी में सूचित करेंगे। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 की अधीन दंडनीय अपराध है।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले में शांति, सुरक्षा एवं अपराधों की रोकथाम के लिए किरायेदारों का सत्यापन अत्यंत आवश्यक है। इससे सामाजिक एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। आदेश में सभी संबंधित अधिकारियों को व्यापक जन जागरूकता के निर्देश दिए गए हैं।

## कलेक्टर के मार्गदर्शन में लगभग 2 एकड़ शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान निरंतर जारी है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी श्री अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में तहसील बलरामपुर अंतर्गत ग्राम पुसुरा में लगभग 2 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।



उक्त भूमि का उपयोग ग्रामवासियों द्वारा वर्षों से छठ पूजा, धार्मिक अनुष्ठानों एवं अन्य सामुदायिक आयोजनों के लिए किया जाता रहा है। सार्वजनिक महत्व को देखते हुए राजस्व विभाग द्वारा ग्राम के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में आवश्यक कार्रवाई करते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। भूमि अतिक्रमण से मुक्त होने के बाद अब यह स्थल पुनः धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सुरक्षित हो गया है, जिस ग्रामवासियों ने संतोष व्यक्त किया है। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि गण सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे। जिला प्रशासन द्वारा सार्वजनिक उपयोग की शासकीय भूमि, जल स्रोतों तथा सामुदायिक परिसंपत्तियों का संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में ऐसे स्थलों को सुरक्षित रखने तथा आमजन के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# शिवनंदनपुर नगर पंचायत की पहली परिषद बैठक में विकास का रोडमैप तैयार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**विश्रामपुर।** नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में मंगलवार को पहली बार नगर पंचायत परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। पहली परिषद बैठक होने के कारण लोगों की निगाहें भी इस पर टिकी थीं कि नई परिषद नगर के विकास की दिशा में कौन-कौन से फैसले लेती है। हालांकि बैठक में विपक्षी पार्षदों द्वारा कई मुद्दों पर एजेंडे से अलग चर्चा कर निर्णय दिलाया गया। बैठक में नगर के सभी वार्डों के लिए विकास कार्यों की कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। परिषद ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक वार्ड की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं बनाकर चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जाएंगे, ताकि नवगठित नगर पंचायत के प्रत्येक क्षेत्र को समान रूप से सुविधाओं का लाभ मिल सके। बैठक में राज्य प्रवर्तित मुक्तिधाम योजना अंतर्गत प्रस्तावित मुक्तिधाम निर्माण की प्राविधिक स्वीकृति पर चर्चा हुई। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत नगर में मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी प्लांट की स्थापना के लिए प्रशासकीय स्वीकृति का विषय भी प्रमुखता से रखा गया। इस प्लांट के स्थापित होने से नगर में कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन और पुनर्चक्रण व्यवस्था को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए सर्व समाज मांगलिक भवन के निर्माण का प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल रहा। परिषद ने इस भवन को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए उपयोगी बताते हुए इसकी आवश्यकता पर चर्चा की। इसी क्रम में नगर में व्यवस्थित व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाट-बाजार निर्माण, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार के लिए आकांक्षी शौचालय निर्माण, तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए आवश्यक सामग्री एवं मशीनरी की स्वीकृति पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्व सहायता समूहों के माध्यम से स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कराया जाए। इससे एक ओर नगर की साफ-सफाई बेहतर होगी तो दूसरी ओर महिला स्व-सहायता समूहों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। परिषद ने अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से कराए जाने वाले विकास कार्यों की स्वीकृति पर भी चर्चा की। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराया जा सके।



बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विचार हुआ। योजना के माध्यम से नगर के रेहड़ी-पटरी एवं छोटे व्यवसायियों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक के अंतिम चरण में अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विकास संबंधी विषयों पर भी चर्चा की गई। परिषद सदस्यों ने नगर की मूलभूत समस्याओं के समाधान और भविष्य की विकास योजनाओं को लेकर अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। यहां पर कांग्रेसी पार्षदों ने नियमित रूप से ध्यान न देने वाले आवास मित्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई, जिस पर नोटिस जारी कर तीन दिनों का मौका दिया गया है। साथ ही नगर पंचायत गठन उपरांत अभी तक कराए गए निर्माण कार्यों का जांच उपरांत ही भुगतान किए जाने की बात कही गई। साथ ही सीएसआर मद से शव वाहन व स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की बात भी कही गई। पार्षद प्रशांत अग्रवाल ने बारात घर के पास पानी जमाव का निराकरण व आरसीसी सड़क निर्माण जल्द कराने की मांग की है। यहां पर अध्यक्ष द्वारा गठित पीआईसी गठन पर भी कांग्रेसी पार्षदों ने आपत्ति दर्ज कराई, जिस पर अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने आश्वस्त किया कि दो आदिवासी कांग्रेसी पार्षदों द्वारा जो पत्र दिया गया है, उसे भी संलग्न करके मंत्रालय प्रेषित किया जाएगा। इस दौरान नगर पंचायत शिवनंदनपुर अध्यक्ष रितेश जायसवाल, उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, पार्षद द्वय श्यामू साहू, प्रमिला साहू, मंजू गोयल, विमला देवी सिंह, बृजेंद्र सिंह, अंजली राजवाड़े, हर्ष दनोदिया, वर्षा जायसवाल, संतोष जायसवाल, चंदन सिंह, मनी बग्गा, अहमद वाहिद, दीपमाला सोनी, प्रशांत अग्रवाल के अलावा सीएमओ सुनील कुमार सिन्हा व अन्य उपस्थित थे। नगरवासियों का मानना है कि नवगठित नगर पंचायत की यह पहली परिषद बैठक आने वाले वर्षों के विकास की नींव साबित हो सकती है।

## कलेक्टर के निर्देश पर स्कूलों में विशेष शिविर आयोजित

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले के विद्यार्थियों को समय पर जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विद्यालयों में विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है इसी कड़ी में मंगलवार को विकासखंड शंकरगढ़ के विभिन्न विद्यालयों में शिविर आयोजित किया गया। जहां शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डीपाडीह तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरतपुर में शिविर लगाकर विद्यार्थियों के जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।



शिविर में राजस्व विभाग के पटवारी, शिक्षा विभाग के संकुल समन्वयक, शिक्षक एवं विद्यार्थियों के पालकों की उपस्थिति में आवेदन पत्रों का परीक्षण एवं दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। शिविर में लगभग 34 प्रमाण पत्र बनाया गया। साथ ही शेष आवेदनों पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

कलेक्टर के निर्देशन में प्रशासन द्वारा ऐसे शिविरों के माध्यम से विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर ही आवश्यक प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्ति एवं प्रवेश संबंधी कार्यों में समय पर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हो सकें।

## *नमस्ते दिवस पर सफाई कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण*

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय यंत्रीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र (नमस्ते) योजना के 3 वर्ष पूर्ण होने पर जिले में आज नमस्ते दिवस मनाया गया। नमस्ते दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद रामानुजगंज द्वारा सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से आयोजित इस शिविर में नगर के सभी सफाई कर्मियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर प्रतिदिन शहर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच तथा उन्हें समय पर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श सुनिश्चित की गई। चिकित्सकों ने कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक सलाह दी तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# वेदांता हादसे पर विधानसभा में हंगामा, विपक्ष का वॉकआउट

## सरकार पर उद्योगपति बचाने और दबाव बनाने के आरोप

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सक्ती जिले स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुए हादसे और उससे जुड़ी कार्रवाई को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के सवालों के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सदन में नारेबाजी करते हुए बहिर्गमन किया।




### सवाल-जवाब से पहले हुई नोकझोंक

प्रश्नकाल के दौरान जैसे ही नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सवाल पूछने के लिए खड़े हुए, विधायक अजय चंद्राकर ने टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेस आज अविश्वास प्रस्ताव लाने वाली है, फिर सवाल क्यों पूछ रही है। इस पर डॉ. महंत ने चुटकी लेते हुए कहा, ₹लगता है आपको दिनभर चढ़ी रहती है।₹ इसके बाद सदन में कुछ देर तक हल्की नोकझोंक का माहौल बना रहा।

### वेदांता हादसे पर सरकार से जवाब तलब

डॉ. चरणदास महंत ने सक्ती स्थित वेदांता प्लांट में हुए हादसे का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस दुर्घटना में 25 लोगों की मौत हुई है और कई लोग घायल हैं। उन्होंने सरकार द्वारा दोषियों की संख्या दो बताए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि सदन को गलत जानकारी दी जा रही है। उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने जवाब देते हुए कहा कि मामले में वेदांता के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल सहित दो अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और जांच जारी है। इस पर डॉ. महंत ने पूछा कि अब तक अनिल अग्रवाल की गिरफ्तारी के लिए क्या कार्रवाई की गई है। मंत्री ने कहा कि मामले की विवेचना चल रही है और दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

### भूपेश बघेल का सरकार पर हमला

बहस के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वेदांता के एमडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सरकार उन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है ताकि वे अपना कारोबार समेटकर प्रदेश छोड़ दें। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अन्य औद्योगिक हादसों में संबंधित कंपनियों के निदेशकों पर ऐसी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या भविष्य में सभी औद्योगिक दुर्घटनाओं में जिम्मेदार कंपनी निदेशकों के खिलाफ समान कार्रवाई की जाएगी।

### विपक्ष का वॉकआउट

मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सरकार पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया। इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन में नारेबाजी की और विरोध स्वरूप विधानसभा से बहिर्गमन कर दिया।

# कैवल्यधाम में दो दिवसीय चक्र साधना शिविर सम्पन्न

## साधकों ने किया आत्मिक ऊर्जा का अनुभव

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । कुम्हारी स्थित कैवल्यधाम में आयोजित दो दिवसीय आवासीय चक्र साधना शिविर का समापन उत्साह एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। शिविर में छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न शहरों से आए बड़ी संख्या में साधकों ने भाग लेकर ध्यान, योग, प्राणायाम, संकल्प एवं संगीत आधारित चक्र साधना का अभ्यास किया। शिविर का उद्देश्य व्यक्ति के सातों ऊर्जा केंद्रों (चक्रों) को संतुलित कर शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक विकास की दिशा में प्रेरित करना था। दो दिनों तक चले विभिन्न सत्रों में प्रतिभागियों ने मूलाधार से सहस्त्रार चक्र तक की साधना का अनुभव किया तथा तनावमुक्त, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने के व्यावहारिक सूत्र सीखे। शिविर के मुख्य प्रशिक्षक एवं प्रेरक शेखर जैन ने कहा कि चक्र साधना व्यक्ति के भीतर छिपी सकारात्मक ऊर्जा को जागृत करने का सशक्त माध्यम है। नियमित साधना से आत्मविश्वास, एकाग्रता, मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन एवं जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव हैं। शिविर के एक और प्रशिक्षक तमन्ना जैन ने अनुसार समापन समारोह में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि शिविर ने उन्हें नई ऊर्जा, आत्मविश्वास, आंतरिक शांति एवं जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान किया। कई प्रतिभागियों ने इसे जीवन परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। आयोजन समिति ने शिविर की सफलता में योगदान देने वाले सभी साधकों, सेवाभावी स्वयंसेवकों, सहयोगियों एवं कैवल्यधाम परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही आगामी समय में भी ऐसे आवासीय चक्र साधना शिविर एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की। चक्र साधना परिवार ने सभी शिविरार्थियों से नियमित ध्यान एवं योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ, सुखी और संतुलित जीवन की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया।

# विधानसभा में कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव, 17 जुलाई को होगी चर्चा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर । छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को कांग्रेस ने राज्य सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रस्ताव स्वीकार करते हुए घोषणा की कि इस पर सदन में 17 जुलाई, सत्र के अंतिम दिन चर्चा कराई जाएगी। राज्य गठन के बाद विधानसभा में यह 10वां अविश्वास प्रस्ताव है। इससे पहले भी नौ बार सरकारों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जा चुके हैं, लेकिन हर बार संबंधित सरकारें सदन में बहुमत साबित करने में सफल रही हैं। अविश्वास प्रस्ताव पेश होने के बाद सदन में अब सरकार और विपक्ष के बीच तीखी राजनीतिक बहस की संभावना है। कांग्रेस ने संकेत दिए हैं कि वह चर्चा के दौरान नकटी गांव में बुलडोजर कार्रवाई, प्रदेश की कानून व्यवस्था, किसानों की समस्याएं, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक कार्यप्रणाली जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बनाएगी। वहीं, भाजपा सरकार चर्चा के दौरान अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और प्रशासनिक उपलब्धियों को सामने रखते हुए विपक्ष के आरोपों का जवाब देगी। संसदीय परंपरा के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का उद्देश्य केवल सरकार को गिराना नहीं होता, बल्कि विपक्ष को सरकार के कामकाज पर सवाल उठाने का अवसर मिलता है। चर्चा के बाद सदन में मतदान कराया जाएगा। यदि सरकार के पक्ष में बहुमत रहता है तो प्रस्ताव स्वतः निरस्त हो जाएगा।

# स्कूल-कॉलेजों के बाहर पिंक पेट्रोल की सख्ती, छात्राओं की सुरक्षा के लिए रोजाना निगरानी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक अभिनव पहल शुरू की है। इसके तहत पिंक पेट्रोल यूनिट द्वारा शहर के स्कूलों और कॉलेजों के बाहर नियमित पेट्रोलिंग कर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। कमिश्नरेट की सेंट्रल, नॉर्थ और वेस्ट जोन की पिंक पेट्रोल टीमें प्रतिदिन स्कूल और कॉलेज खुलने तथा छुट्टी के समय संस्थानों के आसपास गश्त कर रही हैं। इस दौरान परिसर और आसपास के क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाती है, ताकि छात्र-छात्राएं सुरक्षित माहौल में अपनी पढ़ाई कर सकें। पेट्रोलिंग के दौरान स्कूल-कॉलेजों के बाहर अनावश्यक रूप से खड़े होकर छात्राओं को परेशान करने, भीड़ लगाने या संदिग्ध गतिविधियों में शामिल युवकों को तत्काल वहां से हटाया जाता है। ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में विद्यालयों और महाविद्यालयों के आसपास अनावश्यक रूप से न ठहरें। कुछ मामलों में सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध कराने के लिए उनसे उठक-बैठक भी कराई गई, ताकि वे दोबारा ऐसी हरकत न करें। रायपुर पुलिस के अनुसार पिंक पेट्रोल यूनिट की नियमित मौजूदगी का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। छात्र-छात्राओं में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है, वहीं स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की है। पुलिस की लगातार निगरानी से अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर अधिक आश्वस्त महसूस कर रहे हैं। ज्यादा जानें ठी६२ डेमोग्राफिक्स स्थानीय समाचार रायपुर पुलिस कमिश्नरेट ने स्पष्ट किया है कि उसका उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित, भयमुक्त और अनुकूल वातावरण तैयार करना भी है। इसी दिशा में पिंक पेट्रोल यूनिट द्वारा नियमित पेट्रोलिंग, जनजागरूकता और आवश्यकता पड़ने पर वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# राजिम नगर पंचायत बना नगर पालिका, अधिसूचना जारी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर । राज्य शासन ने राजिमवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी करते हुए राजिम नगर पंचायत का नगर पालिका के रूप में उन्नयन कर दिया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। राजिम नगर पंचायत की सीमाएं ही राजिम नगर पालिका की सीमाएं होंगी। राज्य शासन के इस निर्णय से पूरे शहर में खुशी एवं उत्साह का वातावरण है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्रीअरुण साव ने राजिम नगर पंचायत के नगर पालिका के रूप में उन्नयन पर कहा कि राज्य शासन के इस निर्णय से राजिम के सुनियोजित विकास को नई दिशा मिलेगी तथा शहरी सुविधाओं के विस्तार के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध होंगे। इससे राजिम में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, उद्यान, सामुदायिक भवन सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं के विकास को और ज्यादा गति मिलेगी। साथ ही राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ भी अधिक प्रभावी ढंग से नगरवासियों तक पहुंचेगा।

# रायपुर नगर निगम के नए एल्डरमेन अनिल सोनकर ने ली पद की शपथ

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा रायपुर नगर पालिक निगम में नव नामांकित पार्षद एल्डरमेन अनिल सोनकर ने सोमवार को पद की शपथ ली। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कलेक्टर चेंबर में उन्हें ईश्वर के नाम सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में नगर निगम रायपुर के सभापति सूर्यकांत राठौड़, नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पांडेय और निगम सचिव संगीता साहू उपस्थित रहे। अनिल सोनकर ने पद की जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के बाद रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौड़, अपर आयुक्त विनोद पांडेय और सचिव संगीता साहू ने नवनियुक्त एल्डरमेन अनिल सोनकर को बुके भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर निगम अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि नए एल्डरमेन के अनुभव और सक्रिय भागीदारी से शहर के विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान और नागरिक सुविधाओं के विस्तार में सहयोग की अपेक्षा भी व्यक्त की।

# नर्सरी में फंदे पर लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

दुर्ग । जिले के पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के चरोदा इलाके में सोमवार को एक नर्सरी परिसर में युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर जीआरपी चरोदा पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, चरोदा स्थित नर्सरी में काम पर पहुंचे राइस मिल के मजदूरों ने पेड़ से लटका युवक का शव देखा। इसके बाद उन्होंने तत्काल स्थानीय पार्षद और जीआरपी चरोदा पुलिस को इसकी सूचना दी।


## आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा, प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, को तहसील भैयाथान में स्थित भास्करपारा कोल माईन, को प्रतिवर्ष 1.0 मिलियन टन से 1.2 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लिए क्षमता विस्तार हेतु पत्र कमांक J-11015/90/2021-IAII (M) दिनांक 12.06.2026 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई है।

सर्व साधारण को यह सूचना संस्थान द्वारा जनहित में समाचार पत्रों के माध्यम से पहुंचाई जा रही है। इस पर्यावरणीय स्वीकृति की संपूर्ण जानकारी वन- पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के Parivesh Portal पर https://environmetclearance.nic.in तथा प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड की वेब साईट www.prakash.com पर उपलब्ध है।

प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, बिलासपुर (छ.ग.) दूरभाष कमांक- 07752258480, 9893051093

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीतमी कृष्णा देवी आ०/पति स्व० बनारसी लाल सोनी जाति निवासी ब्रम्ह रोड़ अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला सदर रोड़, शीट नम्बर-8 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 2942/3, 2943/4 रकबा 0.002, 0.007 हे० भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 23/07/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 08/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका राजेश सोनी आ०/पति स्व० बनारसी लाल सोनी जाति निवासी ब्रम्ह रोड़ अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-शीतला वार्ड, शीट नम्बर 9 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3354/6, 3355/6 रकबा 0.09 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 23/07/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 08/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका आशीष आ०/पति स्व० बनारसी लाल सोनी जाति, निवासी शीतला वार्ड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-शीतला वार्ड, शीट नम्बर-9 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3354/7, 3355/7 रकबा 0.09 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 23/07/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः- 08/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
रा०प्र०क्र०/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका बिनु मथाई आ०/पति परेकल जाम मथाई जाति निवासी दरीपारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला दरीपारा, शीट नम्बर-10 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3589/6 रकबा 0.05 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 27/07/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः- 10/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मिलिन्द मोहन पाराशर आ०/पति विनय मोहन पाराशर जाति निवासी सरगबुदिया बस्ती, एवं रेल कॉलोनी बरपाली, जिला कोरबा व 04 अन्य द्वारा मुख्तारनामा आम-दिनेश प्रताप सिंह ठाकुर आ० स्व० ईश्वरीय सिंह, निवासी राजेन्द्रप्रसाद नगर, फेस-01 कोसाबाड़ी कोरबा, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-अंधारी बगीचा, शीट नम्बर-3 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1145/1 रकबा 3811.3 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 24/07/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 09/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०
रा०प्र०क्र०-/अ-6/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विरेन्द्र कुमार कुशवाहा आ.स्व. नागेश्वर प्रसाद, उम्र 69 वर्ष, निवासी मोहल्ला बाबूपारा अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा तदाशय का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक एवं अनावेदकगण राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, सतेन्द्र कुमार कुशवाहा, श्रीमती चन्द्रावती देवी, श्रीमती विमला कुशवाहा पिता स्व. नागेश्वर प्रसाद के संयुक्त स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अ०पुर, शीट नं. 03 मोहल्ला बाबूपारा स्थित नजूल भूमि प्लॉट नंबर 3470/2 रकबा 0.06 एकड़ भूमि है। उक्त भूखण्ड में से अनावेदकगण द्वारा अपने हक व हिस्से की भूमि का पंजीबद्ध हकत्याग विलेख दिनांक 21.04.2026 का निष्पादन आवेदक के पक्ष में किया गया है। अतः उक्त पंजीबद्ध हकत्याग विलेख के आधार पर आवेदक द्वारा उक्त आवेदित भूमि का नामांतरण स्वयं के नाम से किये जाने हेतु पंजीबद्ध पंजीबद्ध हकत्याग विलेख की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 27/07/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक- 10/07/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## शपथ पत्र



मैं नर्बदा सिंह आ० स्व० कलम सिंह उम्र लग0-40 वर्ष, जाति-गोंड़ निवासी-सोनपुर शि, (बरपारा) पोस्ट बंजा, तहसील भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ.ग.) का निम्नांकित शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ, तथा मेरे पुत्र के नाम से आधार कार्ड क्रमांक 4477-0024-2675 बना है, जिसमें मेरे पुत्र का नाम कपू सिंह (KAPU SINGH) एवं उसके पिता अर्थात मेरा नाम नर्वदे साहू (NARWADE SAHU) तथा जन्मतिथि-01/01/2011 अंकित है। जो त्रुटिपूर्ण है। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पुत्र के कक्षा 10 वीं के अंकसूची क्रमांक-26061553 में मेरे पुत्र का नाम प्रदीप सिंह (PRADEEP SINGH) एवं उसके पिता अर्थात मेरा नाम नर्बदा सिंह (NARBADA SINGH) तथा जन्मतिथि-18/02/2010 अंकित है, जो सत्य व सही है।

मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ, कि मेरे पुत्र के अधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम एवं पिता का नाम व जन्मतिथि को विलोपित कराकर, उसके अंकसूची में अंकित वास्तविक नाम एवं पिता का नाम व जन्मतिथि के आधार पर अपने पुत्र के आधार कार्ड में नाम व पिता का नाम तथा जन्मतिथि का सुधार कराना चाहता हूँ, जिसके संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथ कर्ता

सम्पादकीय

# अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है जहाजों पर हमले

समुद्र केवल देशों की सीमाओं को जोड़ने वाला माध्यम नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा भी है। दुनिया के लगभग 80 प्रतिशत से अधिक व्यापार का संचालन समुद्री मार्गों से ही होता है। ऐसे में यदि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में चल रहे व्यापारिक जहाजों पर हमले होने लगे, तो यह केवल किसी एक देश पर हमला नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय कानून और सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती है। यह एक तरह से अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। ओमान तट के पास व्यापारी जहाज 'जीएफएस गैलेक्सी' पर हुआ हमला इसी बढ़ते खतरे का ताजा उदाहरण है। इस जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे, जिनमें से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक नाविक अब भी लापता है। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए स्पष्ट कहा है कि व्यापारी जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना तुरंत बंद होना चाहिए। मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ओमान सरकार के साथ मिलकर लापता भारतीय की तलाश में जुटा है। चिंता की बात यह है कि यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब पश्चिम एशिया पहले से ही ईरान-अमेरिका तनाव, परमाणु विवाद और सैन्य टकराव के कारण अस्थिर बना हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्गों में शामिल है। वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। यदि इस क्षेत्र में असुरक्षा बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा आपूर्ति, तेल की कीमतों, माल ढुलाई और पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। ईरान के वरिष्ठ नेता होर्मुज को अपनी रणनीतिक शक्ति बता रहे हैं, जबकि अमेरिका इस क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई तेज कर रहा है। दोनों देशों के बीच बढ़ता टकराव केवल दो राष्ट्रों का विवाद नहीं रह गया है, बल्कि इसका खामियाजा उन निर्दोष नाविकों और व्यापारिक जहाजों को भुगतना पड़ रहा है, जिनका किसी सैन्य संघर्ष से कोई संबंध नहीं है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून स्पष्ट रूप से कहता है कि युद्ध या तनाव की स्थिति में भी व्यापारिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया जा सकता। इसके बावजूद यदि ऐसे हमले जारी रहते हैं, तो यह नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। भारत के लिए यह मामला और भी महत्वपूर्ण है। देश का अधिकांश विदेशी व्यापार समुद्री मार्गों से होता है और लाखों भारतीय नागरिक दुनिया भर के व्यापारिक जहाजों पर काम कर रहे हैं। ऐसे में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, समुद्री व्यापार की निर्बाध आवाजाही और ऊर्जा आपूर्ति की रक्षा राष्ट्रीय हित का विषय है। भारत को केवल कूटनीतिक बयान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे अपनी समुद्री सुरक्षा नीति को और मजबूत करना होगा। भारतीय नौसेना की सक्रिय तैनाती, मित्र देशों के साथ खुफिया सहयोग, समुद्री निगरानी और संकटग्रस्त क्षेत्रों में त्वरित राहत एवं बचाव क्षमता को और सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। साथ ही, भारत को अपनी संतुलित विदेश नीति का उपयोग करते हुए तनाव कम करने और संवाद को बढ़ावा देने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। भारत की विश्वसनीय छवि और सभी पक्षों से संवाद की क्षमता उसे इस दिशा में प्रभावी योगदान देने का अवसर देती है। समुद्र किसी एक देश की जागीर नहीं, बल्कि पूरी मानवता की साझा धरोहर हैं। यदि व्यापारिक जहाज युद्ध का निशाना बनने लगे, तो इसका असर हर देश की अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों की जेब पर पड़ेगा। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को केवल चिंता व्यक्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि ऐसे हमलों के खिलाफ ठोस और सामूहिक कार्रवाई करनी होगी।

परियोजनाएं

विवेक मिश्रा



# सामरिक प्रभुत्व तय करती है निर्माण कार्यों की गति

बहुराष्ट्रीय परियोजनाएं, देशों के मध्य व्यावसायिक उत्कर्ष, सुगम नागरिक संपर्क और सामरिक श्रेष्ठता की स्थापत्य कलाकृति होतीं हैं। स्वकेंद्रित प्रभुत्व के सामने, यह समत्व के समन्वयकारी विस्तार को मान्यता देती है। जैसे चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के सैद्धांतिक प्रतिकार में खड़ी भारत की लाइन ऑफ क्रेडिट योजना। यद्यपि इन परियोजनाओं की सफलता, प्रारंभिक सैद्धांतिक मान्यता से कहीं बढ़कर वास्तविक निर्माण तीव्रता पर निर्भर करती है। विदेश नीति में भी निर्माण गति का विशेष महत्व है। रणनीतिक क्षेत्रों तक त्वरित, सरल व सुदृढ़ शांतिपूर्ण उपस्थिति, सुरक्षा की प्रथम दीवार बनती है। इन दिनों बांग्लादेश के द्वारा मोंगला पोर्ट के विनिर्माण विकास अधिकार भारत से वापस लेकर, चीन को सौंपे जाने की चर्चाएं चहुंओर हो रही हैं। कारणों में, वर्ष 2024 में शेख हसीना सरकार के निष्कासन को प्रधान्यता के साथ उठाया गया, लेकिन इस शोर में हमने उस तथ्य का वेष्टन किया है, जो हमारे क्रियान्वयन के घोंघा चाल से उजागर होता है। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री की बांग्लादेश यात्रा के तहत, तय हुए अनुबंध में, भारत को 110 एकड़ क्षेत्र पर आर्थिक गलियारा विकसित करने का अधिकार प्राप्त हुआ था। भारत की सुस्पष्ट लाइन ऑफ क्रेडिट योजना से इसका वित्तपोषण होना था। इस योजना के अंतर्गत 75 प्रतिशत निर्माण सामान व सेवाएं भारत से प्राप्त करना होता है। भारत सरकार से जारी फंड की प्राप्ति पर, संबंधित देश औपचारिक निविदा जारी कर आवंटन करते हैं। सरकार से सरकार (जी टू जी) स्तर पर हुए, मोंगला पोर्ट विकास समझौते को मूर्त रूप देने के लिए एक लंबी जटिल कागजी कार्रवाई चली, जिसके बाद सन 2018 में भारत सरकार से फंड जारी हुआ। बांग्लादेश की ओर से 2019 में सलाहकार (पीएमसी) की नियुक्ति के संबंध में कड़े प्रावधानों को प्रस्तावित किया गया। इनमें कंसल्टेंसी समूहों से ऊंचे टर्न ओवर, नेटवर्थ, वृहद् कार्यक्षेत्र और विशिष्ट तकनीकी अनुभव की मांग अपेक्षित की गई । इन शर्तों को पूर्ण करने की स्थिति में, अडानी ग्रुप और एलएनटी समूह को छोड़कर कोई भी अन्य भारतीय प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी समूह सक्षम नहीं थे। योग्यता के बावजूद इन दोनों बड़े समूहों का भागीदारी न दिखाना, तात्कालिक भारतीय राजनीतिक परिस्थितियों, लाभांश और सीमित स्वतंत्र कार्यशैली की वजह से था। विपक्ष, सरकार पर अडानी समूह को फायदा पहुंचाने के आरोपों के साथ हावी था, स्वयं अडानी समूह भी इस प्रोजेक्ट में सरकार द्वारा हीरानंदानी ग्रुप को नामित कर देने के बाद सलाहकार फर्म के तौर पर, मात्र 80 करोड़ के सर्विस कॉन्ट्रैक्ट पर कार्य करने को इच्छुक न था। जबकि एलएनटी समूह लाइन ऑफ क्रेडिट जैसी योजनाओं की बाध्यकारी नियमावली में कार्य करने के बजाए स्वतंत्र रूप से कार्य करने में भरोसा रखता है। इस सब का अंततोगत्वा परिणाम यही निकला कि 9 वर्षों के लम्बे विलंब और 2024 में शेख हसीना सरकार के निष्कासन के साथ उपजी भारत विरोधी भावनाओं में मोंगला पोर्ट के विकास अधिकार चीनी सरकारी कम्पनियों के ओर बह गए। पड़ोसी देशों में रणनीतिक महत्व वाले स्थानों पर पिछड़ते भारतीय प्रोजेक्ट हमारी वैश्विक कूटनीतिक बढ़त को बेहद कमजोर कर देते हैं। उदाहरण सिर्फ बांग्लादेश का ही नहीं है, म्यांमार में वर्ष 2008 में स्वीकृत और 2010 से कार्यरत कलादान मल्टी मॉडल प्रोजेक्ट, सिलीगुड़ी कॉरिडोर के जरिए पूर्वोत्तर राज्यों की एकमात्र पहुंच को वैकल्पिक मार्ग देता है। शिथिल कार्यशैली के चलते यह प्रोजेक्ट भी तय समय सीमा, वर्ष 2014 तक पूरा न हो सका। इसके बाद 2019 में कोरोना महामारी और म्यांमार में साल 2021 के सैन्य तख्ता पलट से निर्मित अनिश्चितताओं के चलते, यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आज भी पूर्ण होने की राह देख रहा है। म्यांमार से जुड़ा एक और अहम, भारत - म्यांमार - थाईलैंड राजमार्ग का कार्य , 2002 में विचारित, 2012 से आरंभित और 2016 को पूर्णता के प्रति लक्षित था। भारत इसे कंबोडिया,लाओस व वियतनाम तक प्रसारित कर ईस्ट वेस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर का रूप देना चाहता है, हाल फिलहाल यह आशंकाओं से घिरा है। अपेक्षाकृत अधिक भागीदारीपूर्ण, सुरक्षित और किफायती होने के बावजूद यह भारतीय योजनाएं , पड़ोसी देशों में अपनी जटिल प्रक्रिया व दीर्घ कार्यावधि के कारण चीन की आक्रामक , महंगी लेकिन तेज निर्माण गति वाली बी.आर.आई जैसी योजनाओं से पिछड़ती नजर आती है। आवश्यक है कि, इन विषमताओं का सामना भारत सरकार प्रक्रियाओं को सरल व त्वरित बना कर एवं निर्माणाधीन कंपनियां लाभांश के अनुपातिक आंकलन से ऊपर उठकर राष्ट्रहितों के अनुकूल सैन्य चपलता से करें।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आस्था का संकट नहीं, व्यवस्था की चूक



राम मंदिर

उज्ज्वल दीपक

अयोध्या में श्रीराम लला के दानपात्रों से धन की कथित चोरी की घटना ने व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। सनातन धर्म के लिए यह केवल दान की राशि की चोरी नहीं, बल्कि भावनाओं पर चोट है। जब से सरकार ने इस घटना की आधिकारिक जांच शुरू की और पूरे देश की मीडिया में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई, सनातन धर्म का पालन करने वाले भक्तों में एक अलग तरह की जिज्ञासा और शंका उत्पन्न हुई है। प्रथम दृष्टया तो विश्वास ही नहीं हुआ, फिर जब उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन कर इसकी जांच शुरू की, संलिप्त लोगों से पूछताछ की गई और चोरी की गई धनराशि बरामद करने की सूचनाएं आईं तो हिन्दू संवेदनशील समाज को आघात जरूर लगा।

अयोध्या में श्रीराम लला के दानपात्रों से धन की कथित चोरी की घटना ने व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। सनातन धर्म के लिए यह केवल दान की राशि की चोरी नहीं, बल्कि भावनाओं पर चोट है। जब से सरकार ने इस घटना की आधिकारिक जांच शुरू की और पूरे देश की मीडिया में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई, सनातन धर्म का पालन करने वाले भक्तों में एक अलग तरह की जिज्ञासा और शंका उत्पन्न हुई हैं। प्रथम दृष्टया तो विश्वास ही नहीं हुआ, फिर जब उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन कर इसकी जांच शुरू की, संलिप्त लोगों से पूछताछ की गई और चोरी की गई धनराशि बरामद करने की सूचनाएं आईं तो हिन्दू संवेदनशील समाज को आघात जरूर लगा। श्रद्धालुओं को अपने द्वारा दान की गई राशि या गहने इत्यादि के विषय में भी आशंका उत्पन्न हुई। कुछ सवाल जो आम जनमानस में हैं कि क्या इससे अयोध्या के भव्य मंदिर की महिमा कम होने की सम्भावना है, क्या सनातन धर्म कमजोर हो जाएगा, क्या करोड़ों लोगों की आस्था समाप्त हो जाएगी, या ये सिर्फ कुछ अपराधियों द्वारा व्यवस्था की कमजोरी का लाभ उठाने की घटना है? इस पूरे घटनाक्रम का एक पक्ष ऐसा भी है, जिसकी चर्चा होनी चाहिए!

इस घटना पर पर्दा डालने का कोई प्रयास नहीं किया गया, सरकार ने तुरंत संज्ञान लिया, मंदिर प्रबंधन ने जांच और आवश्यक कार्रवाई में सहयोग किया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संत समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों ने भी किसी दोषी को बचाने की वकालत नहीं की, बल्कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और धर्म की मर्यादा की रक्षा की बात कही। यही तो सनातन की सबसे बड़ी विशेषता है। यह आस्था का संकट नहीं, व्यवस्था की चूक है, और व्यवस्था की चूक का समाधान व्यवस्था को मजबूत बनाकर होगा, आस्था पर प्रश्नचिह्न लगाकर नहीं! श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन भारत के इतिहास में सबसे लंबे सामाजिक आंदोलनों में से एक है। यह किसी संगठन का अभियान मात्र नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की सांस्कृतिक चेतना का विषय है। पूरे विश्व से लोग जुड़े, गांव -गांव से कारसेवकों ने अपने अपने स्तर पर योगदान किया, साधु-संतों ने अग्रणी भूमिका निभाई, विश्व हिंदू परिषद ने जन जागरण किया,स्वयंसेवकों ने दशकों तक समाज को संगठित रखा और भारतीय जनता पार्टी, चाहे सत्ता में हो या विपक्ष में, ने इस विषय को केंद्रीय मुद्दा बनाए रखा और श्री राम जन्मभूमि आंदोलन को अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता माना। आज की युवा पीढ़ी शायद कल्पना भी नहीं कर सकती कि राम जन्मभूमि आंदोलन कितनी लंबी यात्रा का परिणाम था। 1949 से लेकर 1980 के दशक तक, 1984 की धर्म संसद से लेकर 1990 की कार सेवा तक, 1992 की घटनाओं से लेकर दशकों तक अदालतों में चली सुनवाई तक। फिर सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय और संवैधानिक प्रक्रिया के आधार पर अंततः भव्य मंदिर का निर्माण। इसलिए यह मंदिर केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया, लोकतांत्रिक विश्वास और करोड़ों श्रद्धालुओं के धैर्य का प्रतीक है। जिस मंदिर को देखे बिना हजारों-लाखों साधु-संत स्वर्गवासी हो गए, लाखों कार्यकर्ता बूढ़े हो गए, जिस मंदिर के लिए सैकड़ों परिवारों ने अपनी संतान खो दी और हजारों कारसेवकों



को जेल की हवा कहानी पड़ी, उस मंदिर के दानपात्र से जब चोरी जैसी घटना सामने आती है तो उसका सबसे अधिक दर्द उसी समाज को होता है जिसने इस मंदिर के लिए सबसे अधिक संघर्ष किया है। यह मंदिर केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि पांच सौ वर्षों के धैर्य का परिणाम है। सनातन धर्म व्यक्ति की नहीं, धर्म की रक्षा करता है। यदि कोई अपराध करता है तो वह चाहे कितना ही निकट क्यों न हो, उसके कृत्य का समर्थन नहीं किया जा सकता, और यही धर्म है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने 3 जुलाई 2026 को जारी अपने वक्तव्य में स्पष्ट कहा कि यह घटना करोड़ों रामभक्तों की भावना को आहत करने वाली है। उन्होंने दोषियों को कठोर दंड देने की अपेक्षा व्यक्त की और मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी तथा प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने समाज से धैर्य बनाए रखने और इस घटना का उपयोग कर हिंदू समाज को बदनाम करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। और यही अंतर है। यहां अपराधी बचाने की संस्कृति नहीं है। यहां आत्ममंथन करने की परंपरा है। यही किसी उत्तरदायी समाज की पहचान होती है। दुनिया भर के धार्मिक संस्थान ऐसी घटनाओं से अछूते नहीं रहे हैं। यूरोप के अनेक चर्चों में दानपात्रों की चोरी की सहित ऐतिहासिक चर्चों से बहुमूल्य कलाकृतियां की चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। मलेशिया, अमेरिका एवं भारत सहित कई देशों की विभिन्न मस्जिदों में भी चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के मामले उजागर हुए हैं। लेकिन इन घटनाओं के आधार पर किसी धर्म की पवित्रता पर प्रश्न नहीं उठाया गया। अपराधियों को दोषी माना गया, धर्म को नहीं। इसी परिपक्वता की जरूरत अब हमारे देश भारत में भी है। हमारा दुर्भाग्य है कि देश की राजनीति में हर घटना को वैचारिक युद्ध का हथियार बनाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। सरकार की जवाबदेही तय करना लोकतंत्र का हिस्सा है और विपक्ष एवं समाज का उस पर प्रश्न पूछना भी उचित है। लेकिन यदि किसी अपराध को पूरे हिंदू समाज, श्री राम मंदिर आंदोलन या सनातन पर हमला करने के अवसर के रूप में प्रस्तुत किया जाए, तो वह स्वस्थ लोकतांत्रिक विमर्श नहीं रह जाता और समाज में अनावश्यक विभाजन पैदा करता है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और धार्मिक आस्था के बीच की मर्यादा बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों एवं संगठनों की साझा जिम्मेदारी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इस घटना की जांच पर ध्यान दें, न कि उस आंदोलन को कटघरे में खड़ा करें जिसने संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से अपना लक्ष्य प्राप्त किया है। आज एक ऐसा नरेटिव फ़ैलाने की कोशिश की जा रही है जहां पूरे सनातन धर्म पर प्रश्न खड़े किये जा रहे हैं. ये दोहरा चरित्र का प्रदर्शन है और इस भ्रम को पूरे देश में फ़ैलाने का काम कुछ लोग करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे सनातन धर्म में आत्ममंथन एक सतत प्रक्रिया है। जब भी भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में कठिन निर्णय लिए, उन्होंने स्वयं मर्यादा को सदैव सर्वोपरि रखा। यदि किसी ने मंदिर की संपत्ति पर हाथ डाला है तो वह केवल कानून का अपराधी नहीं, श्रद्धा का भी अपराधी है। उसे कठोर दंड मिलना चाहिए।

इतिहास गवाह है कि सनातन सभ्यता ने अनेक आक्रमण झेले। श्री राम के मंदिर में चोरी हुई है तो अपराधी चाहे कोई भी हो, उसे दंड मिलना चाहिए। यही श्री राम का न्याय है। क्योंकि सनातन का इतिहास यही कहता है, हम व्यक्ति के साथ नहीं, धर्म के साथ खड़े होते हैं। हम अपराध को छिपाकर आस्था की रक्षा नहीं करते, अपराध को दंडित करके आस्था को और मजबूत बनाते हैं। यही श्री राम का मार्ग है, यही मर्यादा है और यही भारत की सांस्कृतिक शक्ति भी।

( लेखक भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सत्य में ऐसी शक्ति जो सौ झूठ से बचाए



संकलित

दर्शन

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते। गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं।

## हनुमान ने सूर्यदेव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित

प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## सटाका




## आज की पाती

### सरकारी धन का उचित प्रयोग करें सरकारें

देश में बहुत से राज्यों के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जैसे कि कहीं सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं अर्थात सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए इलाज की सुविधाएं नहीं, कहीं स्ट्रीट लाइट, कहीं सफाई व्यवस्था, कहीं पीने वाले पानी की समस्या, कहीं टूटी सड़कें, लेकिन इनमें से कुछ राज्य बेवजह ही सरकारी पैसे को मुफ्त में लोगों को बांट रहे हैं। अगर इस सरकारी पैसे को ज्यादा से ज्यादा आम लोगों को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए खर्च किया जाए तो लोगों को सुविधाएं मिलेंगी, जो लोगों की साफ-सफाई, गरीबों को बीमारियों और अन्य बहुत सी समस्याओं को हल करेंगी। इसी तरह बुजुर्गों के लिए बुढ़ापा पेंशन कम से कम 5000 रुपए प्रति माह होनी चाहिए।

*- मानिया सैनी , रेवाड़ी*

## ट्रेंड

### जानकी अम्मा को नमन



मशहूर प्लेबैक सिंगर एस. जानकी अम्मा का निधन संगीत और संस्कृति की दुनिया के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार और पूरे संगीत जगत के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### आत्मनिर्भर भारत



भारतीय नौसेना में आईएनएस महेंद्रगिरि का शामिल होना न केवल भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का प्रमाण है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' के शानदार उदय का भी प्रतीक है। यह युद्धपोत, नए भारत की तकनीकी क्षमता, औद्योगिक शक्ति और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का जीवंत प्रतीक है।

**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### स्वास्थ्य सुविधाएं



बेहतर इलाज के लिए लोगों को पहाड़ों के मुश्किल रास्तों पर मीलों का सफर करना पड़ता था। इसी चुनौती से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में ठोस कदम उठाए। उन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि हिमाचल स्वास्थ्य सुविधाओं में नए दौर में प्रवेश कर रहा है।

**-सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### चावल घोटाला



आज मध्य प्रदेश बीजेपी सरकार के राज में भ्रष्टाचार और लूट का केंद्र और भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है। एक घोटाला खत्म भी नहीं हो पाता कि दूसरा सामने आ जाता है। अब, इथेनॉल के नाम पर 200 करोड़ रुपये का चावल घोटाला सामने आया है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस



## करंट अफेयर

# भारतीय शादियों के लिए श्रीलंका बना नया गंतव्य

विदेशों में होने वाली भारतीय शादियों के लिए 2025 में श्रीलंका सबसे तेजी से उभरते गंतव्य के रूप में सामने आया है और इसकी लोकप्रियता में 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया।



वहीं, पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद वर्ष 2026 में भारतीय जोड़ों के अपनी विशेष समारोह की योजनाओं में बड़ी कटौती करने की संभावना कम है।

शादी की योजना बनाने वाले मंच 'वेडमीगुड' की 'डेस्टिनेशन वेडिंग रिपोर्ट 2026' के अनुसार, आसान पहुंच, भारत से नजदीकी, शानदार आतिथ्य सुविधाओं और यादगार अनुभवों वाले आयोजनों के कारण श्रीलंका तेजी से एक प्रमुख विवाह गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि आने वाले वर्षों में श्रीलंका में भारतीय शादियों की बुकिंग में सालाना 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। हालांकि, थाईलैंड अब भी भारतीयों के लिए सबसे लोकप्रिय विदेशी विवाह गंतव्य बना हुआ है। वर्ष 2025 में वहां करीब 25 लाख पर्यटक पहुंचे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। यह रिपोर्ट 'वेडमीगुड' के उपभोक्ता और उद्योग नेटवर्क के माध्यम से किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

## ऑफ बीट

# मेरी मांसपेशियों में व्यायाम के बाद हल्का दर्द क्यों होता है

जब हममें से कई लोग इस खराब मौसम से उबरने के लिए जिम जाते हैं या दौड़ने जाते हैं, तो उन्हें मांसपेशियों में थोड़ा अतिरिक्त दर्द महसूस हो सकता है। ऐसा खास तौर से तब होता है जब कसरत किए कुछ समय हो गया हो। एक आम ग़लतफ़हमी यह है कि ऐसा दर्द मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड के निर्माण के कारण होता है। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि लैक्टिक एसिड का इससे कोई लेना-देना नहीं है। सच्चाई कहीं अधिक दिलचस्प है, लेकिन थोड़ी अधिक जटिल भी है। यह लैक्टिक एसिड नहीं है । हम दशकों से जानते हैं कि लैक्टिक एसिड का व्यायाम के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। वास्तव में, जैसा कि हम में से एक (रॉबर्ट एंड्रयू रॉबट्र्स) ने लंबे समय से तर्क दिया है, कोशिकाएं लैक्टेट का उत्पादन करती हैं, लैक्टिक एसिड का नहीं। यह प्रक्रिया वास्तव में मांसपेशियों और रक्तप्रवाह में एसिड के निर्माण का विरोध नहीं करती है। दुर्भाग्य से, लोग अभी भी व्यायाम के संबंध में 'लैक्टिक एसिड' शब्द का उपयोग करते हैं। जब आप व्यायाम करते हैं तो लैक्टेट उन मांसपेशियों के लिए बड़ी समस्या पैदा नहीं करता है जिनका उपयोग आप करते हैं।



# 52 आवास हितग्राहियों की एसडीएम कार्यालय में पेशी, अगली सुनवाई तक निर्माण पूर्ण करने के निर्देश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



सूरजपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत राशि प्राप्त कर लेने के बाद भी आवास निर्माण से मुँह मोड़ने अथवा कार्य अधूरा छोड़ने वाले हितग्राहियों के प्रति जिला प्रशासन ने अब सख्ती का रुख अपना लिया है। सतत निगरानी के साथ समझाइश की इसी कड़ी में भैयाथान अनुविभाग की विभिन्न ग्राम पंचायतों के ऐसे 52 हितग्राहियों को एसडीएम कार्यालय में तलब कर उनकी पेशी ली गई। सुनवाई के दौरान एसडीएम श्रीमती चांदनी कँवर ने प्रत्येक हितग्राही से व्यक्तिगत रूप से आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी ली तथा विलंब के कारणों को समझा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी, जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सम्मानजनक एवं सुरक्षित पक्का आवास उपलब्ध कराना है। ऐसे में योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि का उपयोग केवल और केवल आवास निर्माण के लिए ही किया जाना चाहिए। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों ने अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है, वे तत्काल कार्य शुरू करें, तथा जिनके आवास निर्माणाधीन हैं, वे अगली सुनवाई तक हर हाल में निर्माण कार्य पूर्ण कर लें। उन्होंने सभी हितग्राहियों को अगली पेशी में अपने आवास की नवीनतम फोटो प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया गया कि निर्माण कार्य का सत्यापन संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मौके पर किया जाएगा, ताकि वास्तविक प्रगति का सटीक आकलन हो सके। श्रीमती कँवर ने दो टूक कहा कि जब तक आवास निर्माण पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक संबंधित हितग्राहियों को नियमित रूप से पेशी में उपस्थित होना होगा। यदि निर्देशों की अनदेखी की गई अथवा निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई, तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाटले ने कहा कि योजना का मूल उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से पक्का आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवास निर्माण हेतु दी गई राशि का अन्यत्र उपयोग अथवा कार्य में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। जिला प्रशासन द्वारा योजना की सतत समीक्षा एवं नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि सभी स्वीकृत आवास निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों और हितग्राहियों को योजना का वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने सभी हितग्राहियों से अपील की कि वे शासन के निर्देशों का पालन करते हुए शीघ्र आवास निर्माण कार्य पूर्ण करें, जिससे अनावश्यक प्रशासनिक एवं वैधानिक कार्रवाई से बचा जा सके।

# कैसरगंज में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

कैसरगंज, बहराइच। भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के कैसरगंज आगमन पर भाजपा कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी और पूरे उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को लेकर कार्यकताओं में सुबह से ही विशेष उत्साह दिखाई दिया। नगर के प्रमुख हनुमान मंदिर परिसर तथा भाजपा कार्यालय को स्वागत के लिए आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष का काफिला कैसरगंज पहुंचा, भाजपा कार्यकताओं ने पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और जयघोष के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। पूरे क्षेत्र में भारत माता की जय, वंदे मातरम्‌ और भारतीय जनता पार्टी ज़िंदाबाद के नारों से वातावरण गूंज उठा। हनुमान मंदिर परिसर में प्रदेश अध्यक्ष ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद भाजपा कार्यालय में आयोजित स्वागत एवं संगठनात्मक बैठक में उन्होंने कार्यकताओं से संवाद करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का आान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है और संगठन की मजबूती ही पार्टी की निरंतर सफलता का आधार है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिसके कारण जनता का विश्वास लगातार भाजपा के प्रति मजबूत हुआ है। उन्होंने कार्यकताओं से आगामी चुनावों को देखते हुए अभी से बूथ स्तर पर सक्रिय रहने, जनसंपर्क अभियान तेज करने तथा सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आान किया।

# 5वीं बार औचक निरीक्षण में तीन शिक्षक मिले नदारद, जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह ने वेतन कटौती और कार्रवाई की उठाई मांग

### वनांचल के स्कूल में शिक्षा व्यवस्था पर सवाल, ग्रामीण बोले— सप्ताह में सिर्फ 2-3 दिन आते हैं शिक्षक

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



बैकुंठपुर, कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत कचोहर के शासकीय माध्यमिक शाला में शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया, जहां पदस्थ प्रधान पाठक शिवशंकर कमलवंशी, शिक्षिका सोम प्रभा सिदार एवं शिक्षिका सुमन राठौर विद्यालय से अनुपस्थित मिले। बताया जा रहा है कि लगातार पांचवीं बार निरीक्षण के दौरान ये शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य को बताया कि विद्यालय के शिक्षक सप्ताह में केवल दो से तीन दिन ही स्कूल आते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षकों की लापरवाही और नियमित अनुपस्थिति के कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है और दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उनका कहना है कि शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय नहीं पहुंचते, जबकि वेतन का पूरा लाभ ले रहे हैं। निरीक्षण के समय संकुल समन्वयक, सरपंच तथा ग्रामीणजन भी मौजूद रहे। मौके पर जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह ने शिक्षकों की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की कि महीने में अनुपस्थित शिक्षकों का 12 दिनों का वेतन काटा जाए तथा शेष वेतन दी जाए जाए।

# दर्जनों गांवों में लगी साइबर सुरक्षा की पाठशाला, छात्रों और ग्रामीणों ने ली जागरूकता की शपथ

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




चांदनी-बिहारपुर। साइबर अपराधों से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा क्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। मंगलवार को साइबर सुरक्षाजनजागरूकता महाअभियान के तहत सूरजपुर जिले के मोहरसोप चौकी पुलिस ने विभिन्न गांवों, स्कूलों, साप्ताहिक बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर लोगों को साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके बताए। उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार देवांगन तथा एसडीओपी राजेश जोशी के निर्देशन एवं चौकी प्रभारी मोहरसोप कमलेश पाठक के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ग्राम मोहरसोप, बसनारा, नवडीहा, कछिया, खैरा, जुड़वनीय, कछवारी, खोहिर, रामगढ़, उमझर, रसौकी सहित अन्य आश्रित ग्रामों के मिडिल से हायर सेकेंडरी स्तर तक के विद्यालयों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा साप्ताहिक बाजार एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी 'साइबर कॉप' के बैनर तले छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान सभी को साइबर सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई।

### किसी से साझा न करें ओटीपी और पासवर्ड

पुलिस ने ग्रामीणों और विद्यार्थियों को समझाया कि अपना ओटीपी, पासवर्ड एवं निजी जानकारी किसी भी व्यक्ति से साझा न करें। अनजान लिंक पर क्लिक या प्रतिक्रिया देने, संदिग्ध कॉल पर भरोसा करने और अविश्वसनीय एपीके फाइल डाउनलोड करने से बचें। मोबाइल एवं इंटरनेट के माध्यम से मिलने वाले किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आएं। ।पुलिस ने बताया कि साइबर ठग अक्सर डर, दबाव और जल्दबाजी का माहौल बनाकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। ऐसी स्थिति में घबराकर कोई निर्णय या ऑनलाइन भुगतान न करें और संबंधित मामले की तत्काल जानकारी पुलिस को दें।

### ठगी के शिकार होने पर तत्काल करें 1930 पर कॉल

जागरूकता अभियान के दौरान बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं। समय पर सूचना देने से साइबर अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई में मदद मिल सकती है।अभियान को सफल बनाने में बीट प्रभारी प्रधान आरक्षक सुंदरलाल, आरक्षक विशुन राम, कमलेश गुर्जर एवं बिनुलाल की सक्रिय भूमिका रही।

# खेत में घास काटते समय किसान को सर्प ने डसा, मौत

लखनऊ। बीते रविवार शाम खेत में घास काटते समय जहरीले सर्प के डसने से किसान की मौत हो गई। परिजन आनन-फानन उसे अस्पताल ले जा रहे थे जहां रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अंटाखेड़ा निवासी राम सहाय (65) रविवार शाम गांव के बाहर स्थित धान के खेत में मेड़ पर जानवरों के लिए घास काट रहे थे।

# सेजस जरही में शिक्षा के साथ संस्कारों का अनूठा संगम

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



प्रार्थना और वैदिक मित्रों से विद्यार्थियों विद्यार्थियों के दिन की शुरूआत हो रही है जिससे विद्यार्थियों में बढ़ रहा है एकाग्रता अनुशासन और सकारात्मक सोच विकासखंड प्रतापपुर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हिंदी मध्यम जरही में शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों के समन्वय का अच्छा उदाहरण बनता जा रहा है विद्यालय में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के दौरान वैदिक मंत्र, योग तथा ज्ञान के साथ शैक्षणिक गतिविधियों की शुरूआत की जाती है विद्यालय परिसर में गुंजते मंत्र उपचार से सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो रहा है जिसका प्रभाव विद्यार्थियों की एकाग्रता अनुशासन आत्मविश्वास और व्यवहार में भी दिखाई देता है विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्य को भी समान महत्व दिया जाता है एक और छात्र-छात्राएं विज्ञान तकनीकी डिजिटल लर्निंग नवाचार गतिविधि से जुड रहे है वहीं दूसरी ओर उन्हें नैतिक शिक्षा सामाजिक दायित्व और संस्कृति विरासत से भी परिचय कराया जा रहा है नियमित रूप से खेलकूद कौशल विकास विज्ञान प्रयोग,कला, संस्कृति कार्यक्रम तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास किया जा रहा है विद्यालय के व्याख्याता संतोष कुमार भारती और दीपेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करना नहीं बल्कि ऐसे विद्यार्थियों का निर्माण करना है जो ज्ञान के साथ संस्कृति अनुशासन तथा जिम्मेदार नागरिक बनने में सहायक हो इन्होंने बताया की शासन और प्रशासन द्वारा जारी सभी निर्देश योजना तथा नवाचारों का पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ हम लोगों के द्वारा पालन बच्चों से कराया जाता है विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अनुशासित वातावरण और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौती के लिए तैयार किया जा रहा है विद्यालय परिसर परिवार का मानना है कि शिक्षा तभी सार्थक होगी जब उसमें ज्ञान के साथ संस्कार विज्ञान के साथ मूल्य और आधुनिकता के साथ भारतीय संस्कृति का समावेश हो इसी सोच के साथ विद्यालय निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है विद्यालय परिसर में प्रतिदिन गूंजता गुरु वंदना केवल एक परंपरा नहीं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण मानसिक संतुलन और सकारात्मक जीवन दृष्टि विकसित करने का प्रभावी माध्यम बन चुका है जिसे तुम विद्यालय के प्राचार्य का समुचित योगदान रहता है


**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा०गंज छ०ग०**

**रा०मा०क्र०-/ब-121/2024-25**

**ग्राम-आरा प०ह०नं०-29 उप तहसील बरियों**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम आरा प०ह०नं०-29 उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा०गंज को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र /ब-121/2024-25 आवेदक / आवेदिका अदल साय आ०स्व० जयनंदन उम्र जाति बरगाह निवासी ग्राम आरा उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रामानुजगंज छ०ग० के द्वारा स्वयं के पुत्री चन्दा का जन्म दिनांक 26/09/2010 को ग्राम आरा घर में हुई है। किन्तु जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं अनुलब्धता प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। उपरोक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र में उज्जर आपत्ति या दावा हो या हितबद्ध पक्षकार हो तो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्ता अथवा अभिभाषक के दिनांक 17/07/2026 को न्यायालयीन समय में दावा या आपत्ति हो तो पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक-03/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दंडाधिकारी

उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा०गंज छ०ग०

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गनेश कुमार सिन्हा आ०स्व० शिवकुमार प्रसाद सिन्हा व 07 अन्य जाति कायस्थ, निवासी मणीपुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-केदारपुर, शीट नम्बर-10 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4171/4848 रकबा 0.28 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-23/07/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।आज दिनांकः- 08/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**रा०प्र० क०/ब-121/2025-26**

**ग्राम - करजी**

**तहसील राजपुर**

**ईश्तहार**

एत्द द्वारा सर्वसाधारण आम जनता लडुवा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति तुलेश्वरी ठाकुर पति डबल जाति नाई निवास ग्राम राईकला थाना लुण्ड्रा तहसील लुण्ड्रा जिला-सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपनी डेढसास स्व. हिरमेन पति भूखन का मृत्यु दिनाँक 09.08.2024 को मृत्यु हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वंश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय ने मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 17/07/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति देश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक. 06/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दंडाधिकारी

राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गनेश कुमार सिन्हा आ०स्व० शिवकुमार प्रसाद सिन्हा व 07 अन्य जाति कायस्थ, निवासी मणीपुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-केदारपुर, शीट नम्बर-4 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1951/2, 1951/51 रकबा 0.20, 0.03 1/2 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-23/07/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।आज दिनांकः- 08/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका वेदप्रकाश दुबे आ०/पति श्रवण कुमार दुबे जाति, निवासी सत्तीपारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-सत्तीपारा, शीट नम्बर-2 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 781/1, 783 रकबा 0.04, 0.03 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-20/07/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः- 06.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मोहम्मद अली आ०/पति मोहम्मद साकिर जाति, निवासी बरेजपारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-बरेजपारा, शीट नम्बर-8 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 2608/4 रकबा 0.02 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-24/07/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 09/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**रा०प्र०क्र०/ब-121/2025-25**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका सरोज अग्रवाल पत्नी संतोष अग्रवाल, निवासी बौरीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा शीट नम्बर-05 मोहल्ला बौरीपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 2135/2 रकबा 6512 वर्गफीट भूमि पर प्रस्तावित नक्शानुसार अनुसार भू-तल पर रकबा 118.62 वर्गमीटर, प्रथम तल पर रकबा 106.45 वर्गमीटर पर आवासीय भवन निर्माण कराने हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र न्यायालय अपर कलेक्टर, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 27/07/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः- 08/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अजय कुमार श्रीवास्तव आ०/पति स्व० चन्द्रिका प्रसाद श्रीवास्तव जाति, निवासी दरीर्पारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला दरीर्पारा, शीट नम्बर-10 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4017/11, 4018/16 रकबा 0.06, 0.02 1/2 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिव्रक्ता के माध्यम से दिनांक-27/07/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुते कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः- 10/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी**

**अम्बिकापुर**

## गुमशुदा की तलाश



**भैया लाल अगरिया**

इस लडके का नाम भैया लाल अगरिया है। इसका रंग गौरा व पतला शरीर है, इस की आयु 35 वर्ष की है। इसका निवास स्थान बिहारपुर ओड़गी जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़ का निवासी है। यह लडका मथुरा जक्शन रेलवे में काम करता था। यह दिनांक 03-07-2026 को रात्रि 11-00 से लापता हुआ है। आप सभी से निवेदन है कि जिस भाई को दिखाई दे या इसका जानकारी मिले कृप्पा कर के इन नम्बारो पर सम्पर्क करें।

**मो-9119824232**

**8815432109**

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

## सिंगर हैरी का लाइव कॉन्सर्ट में गला चोक, स्टेज पर गिर पड़े



'वॉटरमेलन शुगर' फेम ब्रिटिश सिंगर हैरी स्टाइल्स के साथ वेम्बली स्टेडियम में कुछ ऐसा हुआ, जिसने एक पल के लिए उनके लाखों-करोड़ों फैंस की धड़कन रोक दी। हैरी अपनी लाइव परफॉर्मेंस दे रहे थे, जहां अचानक गाने के बीच में पानी पीते ही उनका गला चोक हो गया। पानी उनके गले में अटक गया, चोकिंग की वजह से वह स्टेज पर गिर पड़े। इस कारण शो कुछ देर के लिए बीच में रुक गया। वहां मौजूद दर्शक यह सब देख परेशान हो गए, जबकि अब इंटरनेट पर वायरल हो रहे वीडियोज को देख फैंस भी चिंता में पड़ गए हैं। हालांकि, 32 साल के सिंगर की हालत कुछ मिनटों में ठीक हो गई और उन्होंने वापस परफॉर्मेंस देना शुरू कर दिया। हैरी स्टाइल्स के साथ यह घटना 26 जून के शो में हुई है। वेम्बली स्टेडियम में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बीच हजारों की संख्या में फैंस मौजूद थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिंगर दर्शकों से बातचीत कर रहे थे, तभी उन्हें गले में कुछ अटकने जैसा महसूस हुआ। उन्होंने पानी की बोतल उठाई और एक घूंट पिया, लेकिन इसके बाद उनकी हालत और खराब हो गई। दम घुटने लगा। वह वहीं स्टेज पर लेट गए। हालांकि, हैरी ने जल्द ही खुद को संभाला और परफॉर्मेंस जारी रखी। जब सिंगर स्टेज पर ठीक हो रहे थे, तब क्रू मेंबर्स और ऑन-साइट सपोर्ट टीम को तुरंत मदद करते हुए देखा गया। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

टॉलीवुड

## 50 साल की बेटी को नहीं पता कौन है अपनी मां! अजब श्रुति की गजब कहानी



साउथ सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस श्रुति कृष्णा 50 साल की है। 150 से अधिक फिल्मों में काम कर चुकी हैं। दो बार राज्य फिल्म पुरस्कार से सम्मानित हैं। लेकिन, उनकी जिंदगी की एक दिलचस्प बात यह है कि वह दो मां की संतान हैं। जी हां, उनके पिता ने जुड़वा बहनों से शादी की थी। श्रुति को आजतक नहीं पता कि उनकी असली मां कौन हैं। असल जिंदगी की कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जो फिल्मों जैसी लगती हैं। लेकिन कल्पनाओं से परे, साउथ सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस श्रुति कृष्णा का असल जीवन ऐसा है, जिसके बारे में जानकर एकबारगी आपको भी हैरानी होगी। वह 50 साल की हैं। 36 साल के करियर में 150 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुकी हैं। श्रुति एक अनूठे परिवार का हिस्सा हैं, जहां उनकी दो मां हैं। वह कहती हैं कि उन्हें या उनके भाई-बहनों को कभी यह जानने की जरूरत महसूस नहीं हुई कि उनकी बायोलॉजिकल मां कौन हैं। दरअसल, श्रुति के पिता ने जुड़वा बहनों से शादी की। दो बीवियों से तीन संतान प्राप्त हुए। लेकिन, इसी के साथ एक फैसला लिया गया। कभी किसी को नहीं बताना है कि कौन किस मां की औलाद है। नतीजा, आज तीन बच्चों, दो मां और एक पिता का यह परिवार राजी-खुशी रहता है। श्रुति कृष्णा 'बिग बॉस कन्नड़' सीजन 3 की विनर रही हैं। वह बीते दिनों 'सूर्याः द पावर ऑफ लव' और 'मजेस्टिक 2' जैसी फिल्मों में नजर आई थीं। श्रुति का नाम पहले गिरिजा था। जन्म के वक्त परिवार ने उन्हें यही पहचान दी। उनका परिवार थिएटर से जुड़ा हुआ है।

भोजपुरी

## पहले लोग मुझे नकारते थे, 34 साल बाद मेरे बदले हैं हालात : रवि किशन



एक्टर-नेता रवि किशन अभी रियलिटी शो 'अलायंस' का हिस्सा हैं, जिसमें उन्होंने अपनी बेटी रिवा किशन के साथ हिस्सा लिया है। कुणाल खेमू के होस्ट किए गए इस शो को हाल ही में प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया। पहले एपिसोड में, रवि को फिल्म इंडस्ट्री में सालों तक मिले रिजेक्शन को याद करते हुए देखा गया और बताया गया कि कैसे 34 साल बाद उन्हें सफलता मिली। यह बताते हुए कि 34 साल बाद हालात कैसे बदल गए, रवि किशन ने कहा, 'उस साल मैंने 'बेस्ट एक्टर' के सभी अवॉर्ड जीते। मैं उन सभी मंचों पर गया जहां लोग मुझे कभी नहीं बुलाते थे। उन्होंने हमेशा मुझे ठुकराया था। किसी को यकीन नहीं था कि मैं कभी कुछ हासिल कर पाऊंगा।' रवि किशन के करियर का यह दौर बहुत शानदार चल रहा है और उनके हालिया काम की काफी तारीफ हो रही है। किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' में उनके रोल के लिए क्रिटिक्स और लोगों, दोनों ने उनकी काफी तारीफ की। वहीं वेब सीरीज 'मामला लीगल है' में भी उनके काम को पसंद किया गया। उन्हें 'मां बहन' और 'भाभीजी घर पर हैं! फन ऑन द रन' में भी देखा गया। उन्होंने बताया कि 90 के दशक में जब इंडस्ट्री में नए-नए स्टार्स आ रहे थे, तब पूरी तरह तैयार और ट्रेंड होने के बावजूद उन्हें रिजेक्शन का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने माना कि इस दौर में उन्हें लगा कि वह पीछे छूट गए हैं, फिर भी उन्हें भरोसा था कि उनका समय भी जरूर आएगा। कंटेस्टेंट्स से बात करते हुए रवि किशन ने इंडस्ट्री में अपने लंबे और मुश्किल सफर के बारे में खुलकर बताया।

लाइफ स्टाइल

## 1.8 लाख रुपए की ड्रेस पहनकर पहुंचीं प्रियंका



ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने कान लायंस इवेंट के लिए उन्होंने सिल्विया चेरासी की कलर-ब्लॉक्ड हॉल्टर ड्रेस पहनी। इसकी कीमत 1,80,900 रुपए थी। इटैलियन फैब्रिक से बनी इस मैक्सी ड्रेस का कॉलम सिल्हूट इसे एक स्टाइलिश लुक दे रहा था। पीछे की तरफ टाई डिटेलिंग वाली हॉल्टर नेकलाइन ने एक्ट्रेस के लुक को और भी शानदार बना दिया। ड्रेस के साथ फ्रेडा साल्वाडोर लेदर थोंग सैंडल, साथ ही पिंक नेकलेस और रोलेक्स डे-डेट 40 चॉकलेट डायल घड़ी पहनीं।

## पहली बार हेयर कलर कराने जा रहें हैं तो ध्यान रखें इन बातों का

आज के समय में हेयर कलर न सिर्फ सफेद बालों को छिपाने का सही तरीका है, बल्कि अब ये एक स्टाइल स्टेटमेंट भी बन गया है। इसकी वजह से लुक काफी बदल जाता है। इसीलिए अब तो युवाओं के बीच बालों को रंगने का काफी क्रेज है। अगर आप भी अपने बालों को कलर कराना चाहते हैं, तो एक बार पहले अच्छे से सोच लीजिए। यहां आपके लिए कुछ ऐसे टिप्स हैं, जिनका ध्यान आपको तब रखना है, अगर आप पहली बार हेयर कलर करने जा रहे हैं। ऐसा करने से आपको किसी तरह की एलर्जी का खतरा नहीं रहेगा।

### शही शेड चुने

अगर पहली बार कलर कराने जा रहे हैं तो कलर चुनने से पहले सोच-समझकर फैसला लें। एक बार गलत कराने से आपका पैसा, समय बर्बाद हो सकता है। इसलिए पहली बार में बहुत ब्राइट या एक्सपेरिमेंटल कलर पहली बार में अवॉइड करें। कलर पसंद करते समय अपनी पर्सनालिटी का खास ध्यान रखें।

### पैच टेस्ट है सबसे जरूरी

पहली बार बालों में कलर कराना है तो पैच टेस्ट पहले अवश्य करा लें। क्योंकि अगर कलर कराने के बाद ये आपको सूट नहीं किया तो भयंकर एलर्जी का सामना आपको करना पड़ सकता है। कलर लगाने से 24 घंटे



पहले पैच टेस्ट करें ताकि किसी एलर्जी या रिएक्शन का खतरा न हो। ऐसा करने से आप एलर्जी से बच जाएंगे।

### प्रोफेशनल से करवाना बेहतर

पहली बार हेयर कलर कभी भी घर पर न करें। इसके लिए किसी अच्छे हेयर एक्सपर्ट की सलाह लें। इससे आपको अच्छा एक्सपीरिएंस मिलेगा। एक अच्छा हेयर एक्सपर्ट आपके स्किन और बालों को देखकर ही राय देता है। पहली बार हेयर कलर कराने से एक हफ्ते पहले से ही अपने बालों का खास ध्यान रखें। इसके लिए हेयर कलर से कुछ दिन पहले बालों को अच्छे से मॉइस्चराइज़ और ऑयल करें। यदि आप डैमेज बालों में कलर लगवाएंगे तो इसका असर लंबे समय तक टिकने वाला नहीं होगा।

## फिर लौट रहा 'वाय2के' वाला ट्रेंड्स, लुभा रहा 2000 का ग्लैमर





फैशन कभी आउट ऑफ ट्रेंड नहीं होता। साल 2000 के दशक का फैशन ट्रेंड अब 'वाय2के' बनकर लौटा है। मिलेनियल्स और जेन-जी को यह फैशन स्टाइल खूब भा रहा है। दादी का दौर हो या मम्मी का, हर दशक के फैशन की एक खास बात रही है। शायद यही वजह है कि फैशन ट्रेंड्स समय के साथ बदलते जरूर हैं, लेकिन अक्सर वापस लौटते हैं। आज के समय में नई पीढ़ी उस दौर के कपड़े और एक्सेसरीज को नया ट्विस्ट दे रही है, जिससे वे पुराने होते हुए भी ट्रेंडी लगते हैं। ऐसा ही एक फैशन ट्रेंड लौटकर आया है, जिसके दीवाने सेलिब्रिटी से लेकर आम महिलाएं भी हो रही हैं। यह फैशन ट्रेंड है- 'वाय2के'।

### क्या है यह ट्रेंड

वाय 2 के यानी 'ईयर 2000' का फैशन ट्रेंड उस दशक की शुरुआत का ग्लैमरस और बोल्ड स्टाइल था। पॉप कल्चर से प्रेरित यह ट्रेंड फैशन में नॉस्टैल्जिया यानी पुरानी यादों को जोड़ते हुए आपको नए अंदाज से जीने का मौका देता है। नई पीढ़ी के लिए यह इस गर्मी का आकर्षक ट्रेंड बन गया है। जेन-जी और मिलेनियल्स 'वाय2के' फैशन को मॉडर्न ट्रेंड्स और पर्सनल स्टाइल के साथ कॉपी कर रहे हैं, जो पुराने दौर को नए जमाने से जोड़ रहा है।

### मैटेलिक फैब्रिक

सिल्वर और गोल्ड शेड्स जैसे ग्लॉसी लुक देने वाले मटेरियल्स 'वाय2के' फैशन की पहचान थे। ये शेड्स पार्टी वियर, बैग, फुटवियर और मेकअप में खूब दिखे। उनका चमकदार, फ्यूचरिस्टिक (अत्याधुनिक) लुक उस दौर की टेक्नोलॉजी और पॉप कल्चर से प्रेरित था। ऐसे में 'वाय2के' ट्रेंड के जरिए मैटेलिक जैकेट्स और शाइनी एक्सेसरीज फिर से युवतियों को आकर्षित कर रही हैं।

## 15 मिनट में चेहरे पर आ जाएगा निखार, लोग पूछेंगे इसका राज

कई बार बिना किसी प्लानिंग के अचानक से पार्टी में जाने का प्लान बन जाता है। ऐसे में आपको ऐसे फेसपैक के बारे में जानना चाहिए, जिन्हें न सिर्फ बनाना बल्कि इस्तेमाल करना भी काफी आसान है।



### पहला फेस पैक

इस पहले फेस पैक को बनाने के लिए आपको दही, हल्दी और थोड़े से बेसन की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने का तरीका काफी आसान है। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले सभी चीजों को मिलाकर चेहरे पर लगाएं। अच्छी तरह से पैक को लगाने के 10-15 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें। अब 15 मिनट के बाद चेहरे को हल्का गीला करें और फिर हल्के हाथ से मसाज करते हुए साफ कर लें। इस फेस पैक के इस्तेमाल से आपका चेहरा पूरी तरह से खिल उठेगा। पैक को हटाने के बाद मॉइश्चराइजर लगाएं और टोनर का इस्तेमाल अवश्य करें। इसके बाद आपकी स्किन मेकअप के लिए तैयार है।

### दूसरा फेस पैक

इस दूसरे पैक को तैयार करने के लिए आपको केवल दो चीजों की जरूरत पड़ेगी। इन चीजों में एलोवेरा और शहद शामिल है। फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा मिक्स करें। इसके बाद इसमें शहद डालकर दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करें। दोनों चीजों को अच्छे से मिक्स होने के बाद आपका ये फेस पैक तैयार है। अब इसे ब्रश की मदद से अपने चेहरे पर अप्लाई करें और कम से कम 15 मिनट ऐसे ही लगा रहने दें। 15 मिनट के बाद अपने चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। इससे आपका चेहरा न सिर्फ टाइट हो जाएगा।

## जानें हेयर रिमूवर क्रीम के पीछे छिपा कड़वा सच

जल्दबाजी में ज्यादातर लोग ऐसे हेयर रिमूवल क्रीमों का इस्तेमाल करते हैं, जो बाजार में बेहद कम दाम में मिल जाती है। लेकिन इनके साइड इफेक्ट भी होते हैं। इसलिए आपको जानना जरूरी है कि आप हेयर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल करने के दौरान क्या सावधानी बरतें।

### हो सकता है स्किन बर्न

ज्यादातर हेयर रिमूवल क्रीमों में रसायन तत्व होते हैं, जोकि स्किन बर्न का कारण बन सकते हैं। खासतौर पर कैल्शियम थायोग्लाइकोलेट और पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड जैसे तत्वों से तो स्किन की ऊपरी परत जल जाती है, जिससे त्वचा पर छाले हो सकते हैं।

### पिगमेंटेशन का रहता है खतरा

यदि आप अपनी स्किन टाइप के हिसाब से हेयर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल नहीं करते हैं तो आपकी त्वचो पर पिगमेंटेशन का खतरा बढ़ जाता है। पिगमेंटेशन में त्वचा पर डार्क पैच आ जाते हैं, जोकि



देखने में अजीब लगते हैं। ये दिक्कत ज्यादातर अंडरआर्म्स में सामने आती है।

### त्वचा होगी ड्राई

अगर आप बार-बार हेयर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल करते हैं तो आपको संभलने की जरूरत है। क्योंकि ज्यादा हेयर रिमूवल क्रीम के इस्तेमाल से त्वचा का रूखापन काफी बढ़ जाता है, जिस कारण आपको परेशानी हो सकती है।

### हो सकती है एलर्जी

जिन लोगों की त्वचा काफी संवेदनशील है, उनको तो इस हेयर रिमूवल क्रीमों के इस्तेमाल से दूर ही रहना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है, तो एलर्जी की प्रतिक्रिया हो सकती है।

कार्नर न्यूज

शादी के माहौल में खरीदारी करें सोच समझकर

## दुल्हन के लिए खरीदनी है आर्टिफिशियल ब्राइडल ज्वेलरी तो पहले कुछ टिप्स को जरूर फॉलो करें

वैसे तो शादी का दिन लड़कियों के साथ-साथ लड़कों के लिए भी बेहद खास होता है, लेकिन अपने लुक को खास बनाने के लिए सबसे ज्यादा मेहनत लड़कियां करती हैं। हर होने वाली दुल्हन अपने ब्राइडल लुक को महीनों पहले से प्लान करने लगती है। वो चाहती हैं कि उनका लहंगा, मेकअप और ज्वेलरी सब एकदम परफेक्ट हो। लहंगा और मेकअप तो लड़कियां काफी सोच-समय कर खरीदती हैं, लेकिन सही ज्वेलरी का चयन करना उनके लिए काफी मुश्किल हो जाता है। इसी के चलते हम आपको बताएंगे कि ब्राइडल गहने खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए। यदि आप इन बातों का ध्यान रखेंगी तो आपका वेडिंग लुक सबसे कमाल का और खूबसूरत लगेगा।

### आउटफिट के साथ मैच करें

ब्राइडल लुक को कंप्लीट करने के लिए यदि आप आर्टिफिशयल गहने खरीदने का प्लान कर रही हैं तो सबसे पहले लहंगा, साड़ी या ब्राइडल ड्रेस फाइनल करें। इसके



बाद ही ज्वेलरी खरीदें। ये आउटफिट के हिसाब से ही होनी चाहिए। अगर मैच करानी है तो मैच कराइए, वरना आप कॉन्ट्रास्ट में भी इसे कैरी कर सकती है।

### ब्लाउज की नेकलाइन के अनुसार देखें

गले का नेकपीस खरीद रही हैं तो पहले अपने ब्लाउज की नेकलाइन देखें। ऐसा इसलिए क्योंकि ब्राइडल ब्लाउज काफी हैवी होता है। ऐसे में यदि उसके साथ सही ज्वेलरी का चयन



आप नहीं करेंगी तो इससे आपका लुक ही पूरी तरह से खराब हो जाएगा। नेकलाइन और ज्वेलरी के बीच में गैप होना बेहद जरूरी है।

### क्वालिटी अवश्य चेक करें

आपके ब्राइडल लुक में हर एक चीज परफेक्ट होनी चाहिए। ऐसे में पैसे बचाने के लिए खराब क्वालिटी की ज्वेलरी कतई न खरीदें। कई बार खराब क्वालिटी के गहनों से स्टोन अपने आप ही निकलने लगते हैं, जिससे आपका लुक खराब हो सकता है। स्टोन के साथ-साथ मटेरियल की फिनिशिंग, पॉलिश और वर्क को ध्यान से देखें।

### लॉक होना चाहिए सही

ब्राइडल ज्वेलरी काफी हैवी होती है। इसलिए इसका लॉक अवश्य चेक कर लें। अगर इसका लॉक अच्छी क्वालिटी का नहीं हुआ और वो ज्वेलरी का वजन नहीं उठा पाया तो आपको शर्मिंदा होना पड़ सकता है। लास्ट मूमेंट पर आप ज्यादा कुछ कर भी नहीं पाएंगी।

## कलेक्टर की त्वरित पहल से खराब हैंडपंप हुआ दुरुस्त

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** आम नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी लगातार संवेदनशील एवं सक्रिय पहल कर रही हैं। जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर उनकी सतत निगरानी के परिणामस्वरूप समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक-9 में खराब हैंडपंप की सूचना सोमवार की शाम प्राप्त हुई। कलेक्टर के निर्देश पर संबंधित विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए आज सुबह ही हैंडपंप की मरम्मत कर उसे पुनः चालू कर दिया गया। हैंडपंप के दुरुस्त होने से पेयजल की सुविधा पुनः सुचारु रूप से उपलब्ध होने लगी है। स्थानीय नागरिकों ने समस्या के त्वरित समाधान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

# शासन की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुँचना सम्बंधित विभाग करे सुनिश्चित : चिंतामणि

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यहां जिपं सभाकक्ष में मंगलवार को सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सांसद श्री महाराज ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं पूर्ण आवासों की प्रगति की जानकारी लेते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जल संचय जनभागीदारी अभियान, जल जीवन मिशन, अमृत मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क

### दिशा समिति की बैठक में सांसद ने की विभागवार योजनाओं की समीक्षा

योजना, पेयजल प्रदाय व्यवस्था तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की प्रगति की भी गहन समीक्षा की गई।स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों की जानकारी लेते हुए सांसद ने समूहों की आय बढ़ाने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करने, उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी अभियान से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने उद्यानिकी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जिले में ग्राफ्टिंग तकनीक से पौध निर्माण की कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए।बैठक में केंद्रीय पेंशन योजना, पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं, डेयरी विकास, मत्स्य पालन विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना तथा कृषि एवं सिंचाई से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई। जल संसाधन विभाग द्वारा खरीफ एवं रबी फसलों हेतु निर्धारित सिंचाई लक्ष्य एवं उपलब्धि की जानकारी प्रस्तुत की गई।महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के



दौरान पूरक पोषण आहार, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन एवं भवन निर्माण, रिक्त पदों पर भर्ती तथा पूरक पोषण आहार की आपूर्ति एवं जिले में उसके उत्पादन की स्थिति की जानकारी ली गई। साथ ही महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग से आयुष्मान भारत योजना एवं हाट-बाजार क्लीनिक योजना तथा शिक्षा विभाग से शाला प्रवेशोत्सव, शिक्षकों की उपस्थिति एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सहित अन्य जनहितकारी योजनाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सांसद ने लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री सड़क योजनाओं के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु नियमित भौतिक परीक्षण कराने तथा जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से निर्माण कार्यों का निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुँचे, निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण हों तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए।बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर भी विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ब्लैक स्पॉट की पहचान, समुचित सड़क सुरक्षा संकेतक लगाने तथा जनजागरूकता जैसे विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

सांसद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आमजन को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है, अतः इस दिशा में वृहद अभियान चलाया जाए। बैठक में जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, नपा. अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति संत सिंह, दिशा समिति के सदस्यगण सहित जिला एवं जिला पंचायत स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जेसीबी से मकान तोड़ने और मारपीट का लगाया आरोप, आदिवासी परिवार ने कलेक्टर व एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के प्रतापपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सरहरी के एक आदिवासी परिवार ने जमीन विवाद को लेकर दबंगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए यहां जिला मुख्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार ने अधिकारीद्वय को दिये शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि उनकी स्वत्व एवं आधिपत्य वाली भूमि पर बने मकान को जेसीबी मशीन से गिरा दिया गया और विरोध करने पर परिवार के साथ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित शिवप्रसाद मुईया एवं उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि खसरा क्रमांक 917/1, 909, 910, 912, 913, 916/1 सहित अन्य भूमि पर वे लंबे समय से खेती-किसानी और निवास करते आ रहे हैं।

शिकायत के अनुसार खसरा क्रमांक 917/1 में उनका पुराना मकान भी बना हुआ था। पीड़ितों का आरोप है कि 10 जुलाई को अचानक आरोपी पक्ष जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचा और घर को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी। विरोध करने पर कथित रूप से लाठी-डंडे और रॉड से मारपीट की गई और परिवार को घर से बाहर निकालने के बाद जेसीबी से मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर



दिया गया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि घटना के बाद वे शिकायत दर्ज कराने प्रतापपुर थाना पहुंचे, लेकिन उनकी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद आरोपियों का हौसला बढ़ गया और दोबारा धमकी दी गई। शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि 13 जुलाई को आरोपी पक्ष के कुछ लोग दोबारा पहुंचे और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों ने बताया कि मारपीट की घटना में परिवार के एक सदस्य को चोट भी आई है।

पीड़ित आदिवासी परिवार ने मामले में एससी-एसटी एक्ट सहित संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई व सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा न्याय दिलाने की मांग की है। शिकायत के साथ ग्रामीणों द्वारा बनाए गए वीडियो को भी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करने की बात कही गई है।

# ज़हर पिलाकर पत्नी की हत्या, न्यायिक रिमांड पर भेजा गया आरोपी पति

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** नवविवाहिता की कथित तौर पर जहर सेवन कराकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर यहां न्यायालय में पेश किया, जहाँ से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। वारदात जिले के रामानुजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम लेड़ुआ साहूपारा की है जो पुलिस सहायता केंद्र मणिपुर सरगुजा से प्राप्त मर्ग जांच के बाद सामने आई है। कार्यपालिक दंडाधिकारी द्वारा पंचनामा, परिजनों के बयान एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई की गई। मृतिका 26 वर्षीय आरती साहू के पिता हंसलाल साहू ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि 10 जून की रात आरोपी दामाद ने फोन कर कहा था कि वह उनकी बेटी से परेशान है और उसे



अपने साथ ले जाओ। कुछ देर बाद उसने दोबारा फोन कर बताया कि उनकी बेटी ने ज़हर पी लिया है और उसे सूरजपुर जिला अस्पताल ले जा रहे है। परिजनों के अनुसार अस्पताल में होश आने पर मृतका ने अपने पिता को बताया कि उसके पति ने उसके साथ मारपीट की और जबरन ज़हर पिला दिया। बाद में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि बेडहेड टिकट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, चिकित्सकीय दस्तावेज, गवाहों के बयान एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी दिनेश साहू के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज किया गया।

विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर 13 जुलाई को आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है और भी अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए जाने शेष हैं।

# डॉ. रजनीश छत्तीसगढ़ एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. रजनीश गर्ग को छत्तीसगढ़ एनजीओ प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति से प्रदेश में स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों को नई ऊर्जा और प्रभावी नेतृत्व मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

डॉ. रजनीश गर्ग लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, महिला एवं बाल विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वर्तमान में वे भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएँ दे रहे हैं तथा



विभिन्न सामाजिक एवं मानवीय सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. गर्ग को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए पूर्व में राज्यपाल पुरस्कार सहित अनेक प्रतिष्ठित सेवा सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। समाज सेवा के क्षेत्र में उनके समर्पण, नेतृत्व क्षमता एवं उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण संगठनात्मक दायित्व सौंपा गया है।

अपनी नियुक्ति पर डॉ. रजनीश गर्ग ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा दिए गए दायित्व का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर जनकल्याण, सेवा एवं जागरूकता के कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाया जाएगा।

डॉ. गर्ग की नियुक्ति पर सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, विभिन्न संगठनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं सेवा भावना से छत्तीसगढ़ एनजीओ प्रकोष्ठ को नई दिशा मिलेगी तथा समाजहित के कार्यों को और अधिक गति प्राप्त होगी।


## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी कटघोरा वनमण्डल कटघोरा, जिला कोरबा ( छ.ग. )

फोन/फैक्स नं. 07815-250157

### नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत कसनिया काष्ठागार में नीलाम दिनांक 20.07.2026 को रखी गई निम्नानुसार ईमारती काष्ठ/जलाऊ चटटा/व्यापारिक बांस/आद्योगिक बांस का ई- ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जावेंगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई -ऑक्शन में भाग लेवें । ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/काष्ठागार कसनिया से प्राप्त की जा सकती है।

विवरण

| अ.क्र. | प्रजाति | पिछले नीलाम का शेष | | नया वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली / डेंगरी | लट्ठा | बल्ली / डेंगरी | लट्ठा | बल्ली / डेंगरी |
| | | घ.मी | नग | घ.मी | नग | घ.मी | नग |
| 1 | सागौन | 325.505 | 6643 | 34.000 | 200 | 359.505 | 6843 |
| 2 | साल | 5096.506 | 6940 | 1200.000 | 300 | 6296.506 | 7240 |
| 3 | बीजा | 351.006 | 358 | 80.000 | | 431.006 | 358 |
| 4 | तिंसा | 29.731 | 258 | 20.000 | 200 | 49.731 | 458 |
| 5 | शीशम | 0.000 | 0 | | | 0.000 | 0 |
| 6 | खम्हार | 1.489 | 32 | | | 1.489 | 32 |
| 7 | हल्दू | 17.901 | 29 | | | 17.901 | 29 |
| 8 | साजा | 193.247 | 1175 | 35.000 | 200 | 228.247 | 1375 |
| 9 | धावड़ा | 156.859 | 870 | 100.000 | | 256.859 | 870 |
| 10 | सलिहा | 34.867 | 0 | | | 34.867 | 0 |
| 11 | नीलगिरी | 1.591 | 130 | | | 1.591 | 130 |
| 12 | शीशु | 0.000 | 0 | | | 0.000 | 0 |
| 13 | अन्य | 608.749 | 2520 | 8.000 | | 616.749 | 2520 |
| 14 | तेन्दू | 13.918 | 17 | | | 13.918 | 17 |
| | योग (काष्ठ) | 6831.369 | 18972 | 1477.000 | 900 | 8308.369 | 19872 |
| 14 | सागौन जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| 15 | सतकठा जलाऊ | 1458 | चट्टा | 912 | चट्टा | 2370 | चट्टा |
| 16 | कर्रा जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| 17 | नीलगिरी | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| 18 | सलिहा जलाऊ | 88 | चट्टा | 0 | चट्टा | 88 | चट्टा |
| | योग (जलाऊ) | 1546 | चट्टा | 912 | चट्टा | 2458 | चट्टा |
| 19 | व्यापारिक | 0 | नग | 0 | नग | 0 | नग |
| | बांस (नग) | 0.000 | नो.टन | 0.000 | नो.टन | 0.000 | नो.टन |
| 20 | औद्योगिक | 348 | बण्डल | 0.00 | बण्डल | 348 | बण्डल |
| | बांस (बण्डल) | 2.899 | नो.टन | 0.000 | नो.टन | 2.899 | नो.टन |
| | योग (बांस) | 2.899 | नो.टन | 0.000 | नो.टन | 2.899 | नो.टन |

वनमण्डलाधिकारी
कटघोरा वनमण्डल कटघोरा

जी-262702057 / 1


### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान

# गंगौटी शिविर में बेटियों को दी गई सुरक्षा, आत्मविश्वास और अधिकारों की जानकारी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण को लेकर व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगौटी में जागरूकता शिविर आयोजित कर छात्राओं को आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, बाल अधिकार तथा महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में विशेषज्ञों ने छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपाय बताए। साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार तथा साइबर हेल्पलाइन



1930 के उपयोग की जानकारी दी गई। शिविर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्यों के साथ घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, मासिक धर्म स्वच्छता, वित्तीय साक्षरता तथा महिला सुरक्षा पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित विभिन्न सहायता सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना तथा सखी वन स्टॉप सेंटर जैसी महिला एवं बालिका हितैषी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। बाल संरक्षण अधिकारियों ने बाल विवाह के दुष्परिणाम, किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों तथा यातायात सुरक्षा नियमों पर भी विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने छात्राओं से किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या शोषण की आशंका होने पर तत्काल संबंधित हेल्पलाइन पर संपर्क करने की अपील की।

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, टांगरमहरी, बलरामपुर में शैक्षणिक सत्र 2027-28 हेतु कक्षा 6 वीं में 80 सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

जिले के मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं प्रवेश के लिए पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी http://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/inde&/Registration पोर्टल पर जाकर निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। विद्यालय के प्राचार्य ने निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन करने जिले के सभी पात्र विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से अपील की है।


न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ०ग०)

**ईश्तहार**

क्रमांक 7/ वाचक/2026
बैकुण्ठपुर दिनांक 30-06-2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम आमापारा को आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका उदय पिता/पति रामप्रसाद जाति कंवर निवासी आमापारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा राशिका निवासी आमापारा का जन्म/मृत्यु दिनांक 27-01-1012 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 16-07-2026 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 30.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया
छ०ग०

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ०ग०)

**ईश्तहार**

क्रमांक 8/ वाचक/2026
बैकुण्ठपुर दिनांक 30-06-2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम आमापारा को आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका उदय पिता/पति रामप्रसाद जाति कंवर निवासी आमापारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा संजू निवासी आमापारा का जन्म/मृत्यु दिनांक 01-01-2015 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 16-07-2026 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 30-06-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया
छ०ग०

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ०ग०)

**ईश्तहार**

क्रमांक 6/ वाचक/2026
बैकुण्ठपुर दिनांक 30-06-2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम आमापारा को आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका उदय पिता/पति रामप्रसाद जाति कंवर निवासी आमापारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा मुस्कान निवासी आमापारा का जन्म/मृत्यु दिनांक 19-05-2009 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 16-07-2026 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 30-06-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया
छ०ग०

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरुद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555 9713108088

सरगुजा फ्रंटलाइन

# शहर के तीन नये चौक-चौराहों पर स्थापित किये जायेंगे ट्रैफिक सिग्नल

## एमआईसी की बैठक में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने विभिन्न प्रस्तावों पर स्वीकृति

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नगर निगम अंबिकापुर की मेयर-इन-काउंसिल की बैठक मंगलवार को महापौर मंजूषा भगत की अध्यक्षता में हुई। निगम कार्यालय में आहूत बैठक में शहर के समग्र विकास, यातायात व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, अधोसंरचना विकास और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कुल 14 महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा करके विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में लिए गए निर्णयों का उद्देश्य शहर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के साथ ही नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है।



बैठक की शुरुआत में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा करते हुये इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजनांतर्गत लंबित आवेदनों पर विचार कर उन्हें स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन, मुख्यमंत्री विधवा पेंशन तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के पात्र हितग्राहियों के आवेदनों के अनुमोदन पर भी सहमति बनी। निगम प्रशासन का मानना है कि इन निर्णयों से जरूरतमंद और पात्र हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। बैठक में शहर की बढ़ती यातायात समस्या को देखते हुए तीन नए चौक-चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इससे व्यस्त मार्गों पर यातायात सुचारू होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही मुख्यमंत्री नगरीय अधोसंरचना योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत छह सड़कों के उन्नयन कार्यों के लिए प्राप्त ई-निविदाओं पर भी विचार कर स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे सड़क निर्माण एवं सुधार कार्यों में तेजी आएगी।

### राजस्व व्यवस्था की मजबूती पर भी नजर

नगर निगम की संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन को लेकर भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। निगम स्वामित्व वाली दुकानों के नामांतरण, गांधी स्टेडियम के समीप पूर्व संचालित अग्निशमन केंद्र की दुकानों के नामांतरण शुल्क निर्धारण तथा मालवीय मार्केट और मणिपुर स्कूल के पास स्थित दुकानों के ऊपर प्रथम तल निर्माण की अनुमति संबंधी प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। इन निर्णयों से निगम की राजस्व व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ व्यापारियों को भी सुविधा मिलेगी।

### वॉल राइटिंग के लिए शुल्क निर्धारण

बैठक में निगम क्षेत्र में वॉल राइटिंग के माध्यम से किए जाने वाले विज्ञापनों के लिए शुल्क निर्धारण को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा अधोसंरचना मद के स्वीकृत कार्यों में आवश्यक परिवर्तन, अहाता निर्माण की अनुमति तथा सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण एवं संचालन से जुड़े प्रस्तावों पर भी विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। इन प्रस्तावों का उद्देश्य शहर में मूलभूत नागरिक सुविधाओं का विस्तार करना और सार्वजनिक स्थानों को अधिक व्यवस्थित बनाना है।

### मवेशियों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था

शहर में आवारा मवेशियों की समस्या को देखते हुए उनके पुनर्वास के संबंध में भी बैठक में गंभीर चर्चा हुई। इस मुद्दे पर प्रभावी व्यवस्था विकसित करने और दुर्घटनाओं की संभावना कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति बनी। निगम का मानना है कि मवेशियों के पुनर्वास की व्यवस्था होने से यातायात प्रभावित होने की समस्या भी कम होगी।

# भाजपा राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला है संगठन: अनुराग सिंहदेव

## संकल्प भवन में नवनियुक्त 19 प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों का सम्मान

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** भारतीय जनता पार्टी सरगुजा द्वारा मंगलवार को भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में सभी 19 प्रकोष्ठों के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों तथा कार्यसमिति सदस्यों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नव नियुक्त पदाधिकारियों का गमछा एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव रहे, अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने की।




अनुराग सिंहदेव ने कहा भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों में अपने-अपने क्षेत्र के अनुभवी और विशेषज्ञ लोगों का जुड़ना संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला संगठन है। केंद्र और राज्य सरकारों ने जनहित और राष्ट्रहित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम आज देश और प्रदेश में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ विरोधी तत्व समाज में नकारात्मक नैरेटिव फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसका तथ्यों और जनसेवा के माध्यम से प्रभावी जवाब देना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए उन्हें बधाई दी। अंबिकेश केशरी ने कहा कि सभी प्रकोष्ठ संगठन की शक्ति हैं और इनके माध्यम से भाजपा की विचारधारा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अभिषेक शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मयंक जायसवाल ने डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने और जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संतोष दास, डी.के. पुरिया, मधु चौदाहा, निश्चल प्रताप सिंह, विद्यानंद मिश्रा, जन्मेजय मिश्रा, वैभव सिंह देव, निलेश सिंह, अजय प्रताप सिंह, रूपेश दुबे, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में सरगुजा जिले के 3 शिक्षकों का होगा सम्मान





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा स्व. श्री हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह 2026 का आयोजन 15 जुलाई, बुधवार को सायं 5 बजे विमतारा, मधु पिल्ले चौक, शांतिनगर, रायपुर में किया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए देशभर से लगभग 700 आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी आवेदनों का गहन अध्ययन, मूल्यांकन एवं सत्यापन राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के उच्चस्तरीय पैनल द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर किया गया। चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्ता आधारित रही। इस कठोर प्रक्रिया के बाद देश के विभिन्न राज्यों से 250 उत्कृष्ट शिक्षकों का अंतिम चयन सम्मान के लिए किया गया है। इसमें सरगुजा जिले से डॉ. सुनील कुमार यादव, विपिन बिहारी गहवई, परमेश्वरी कंवर का चयन हुआ है। यह समारोह स्व. हरिवंश मिश्र, भूतपूर्व प्रधानपाठक की पुण्य स्मृति को समर्पित है, उनका सम्पूर्ण जीवन शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और समाज सेवा के लिए समर्पित रहा।

### सूरजपुर जिले से 4 शिक्षक चयनित

**छ.ग.फ्रंटलाइन भैयाथान।** सूरजपुर जिले से 4 शिक्षकों का चयन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2026 के लिए हुआ है। इनमें डॉ. गायत्री मिश्रा संकुल समन्वयक, अमरनाथ चौबे संकुल समन्वयक, इंदुमती सोनवानी व्याख्याता तथा महेश पैकरा संकुल समन्वयक के नाम शामिल हैं।

# ई-रिक्शा चालक से रेल्वे स्टेशन छोड़ने के बहाने लूटपाट

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** रेल्वे स्टेशन छोड़ने के बहाने ई-रिक्शा चालक को सूनसान जगह ले जाकर लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर गांधीनगर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पसेना का श्रवण कुमार गुप्ता 23 वर्ष वर्तमान में नमनाकला राम निवास कॉलोनी में किराये पर रहकर किराये में ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 15 ईई 3894 चलाता है। 10 जुलाई की रात करीब 10.58 बजे वह प्रतिदिन की तरह सवारी उतारकर मनेन्द्रगढ़ रोड स्थित घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात 4 युवक मिले। इनमें से एक ने रेल्वे स्टेशन अजिरमा तक छोड़ देने के लिए कहा। श्रवण उन्हें ई-रिक्शा में बैठाकर ले जाने लगा। रास्ते में ये लोग आपस में चीनू और कान्हा नाम से बात कर रहे थे। रात 11.10 बजे के लगभग अजिरमा नाका पार कर ठाकुरपुर नए रेल्वे प्लेटफार्म के पीछे मैदान के पास पहुंचते ही एक व्यक्ति बोला, एक के पैर में चोट है, यहां उतार दो। जैसे ही श्रवण ने रिक्शा रोका, आरोपियों में से एक ने अचानक उनके हाथ मोबाइल फोन छीन लिया। दूसरे ने जेब से 1300 रुपये नकद निकाल लिया। लूट के बाद चारों आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। श्रवण ने इन्हें आसपास काफी तलाशा लेकिन कुछ पता नहीं चला। पीड़ित ने थाना गांधीनगर में लिखित आवेदन देकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। श्रवण ने बताया है कि वह आरोपियों को देखकर पहचान सकता है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज को खंगाल रही है।

# राजमोहिनी कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने भगवानपुर खुर्द में किया रावे कार्यक्रम का शुभारंभ

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र अंबिकापुर के छात्र-छात्राओं द्वारा रावे हेतु चयनित ग्राम भगवानपुर खुर्द में ओरिएंटेशन प्रोग्राम के साथ रावे कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम के प्रथम चरण में चयनित ग्राम में सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन किया गया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. सिन्हा के नेतृत्व एवं महाविद्यालय के रावे प्रभारी डॉ. एस.आर. दुबोलिया के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों एवं किसानों के साथ मिलकर गांव का विस्तृत सामाजिक एवं संसाधन मानचित्र तैयार किया। गांव की प्रमुख सड़कें, कृषि क्षेत्र, जल स्रोत, शैक्षणिक संस्थान, पशुधन संसाधन तथा अन्य विकासात्मक स्थलों को चिन्हित किया गया। विद्यार्थियों ने किसानों से संवाद स्थापित कर गांव की कृषि पद्धतियों, फसलों की विविधता, सिंचाई साधनों तथा ग्रामीण जीवन की सामाजिक संरचना को गहराई से समझा। साथ ही समूह में मिलकर कार्य करते हुए कृषकों को शस्य विज्ञान, पौध सुरक्षा, मृदा उर्वरता, फल एवं सब्जियों के उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण आदि से संबंधित वैज्ञानिक विधियों का ज्ञान साझा किया। किसानों द्वारा लगाये एवं उगाये जा रहे विभिन्न उद्यानिकी फसलों के साथ साथ इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम, मल्टी स्टोरी क्रॉपिंग सिस्टम एवं प्लांट प्रोपेगेशन सिस्टम का भ्रमण किया गया। रावे के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र अंबिकापुर का भी भ्रमण किया गया। इन गतिविधियों से विद्यार्थियों को ग्रामीण जीवन शैली, कृषि संसाधनों के प्रबंधन तथा किसानों की आवश्यकताओं को समझने का अवसर मिला। इस अवसर पर डॉ. मधुलिका सिंह, डॉ. नैन्सी आकांक्षा मिंज, डॉ. शशि किरण मिंज, डॉ. स्नेहा तिवारी, डॉ. योगेंद्र कुमार, सुजीत कुमार, सोनिया मिस्त्री के अलावा छात्र-छात्राएं एवं ग्राम भगवानपुर खुर्द के ग्रामीण उपस्थित थे।

# मवेशी तस्कर पिकअप और कार छोड़कर रात के अंधेरे में भागे

## क्रूरतापूर्वक कर रहे थे मवेशियों का परिवहन, कार सवार कर रहे थे रेकी

**छ.ग.फ्रंटलाइन कुसमी।** बलरामपुर जिला के सामरीपाठ थाना पुलिस ने मवेशी तस्करी की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप और कार को जब्त किया है। पुलिस को देखकर तस्कर अंधेरे में भाग गये। पिकअप में क्रूरतापूर्वक बांधकर ले जाए जा रहे 6 मवेशियों को भी पुलिस ने बरामद किया है, और अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया कि 11 जुलाई की रात को गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुसमी तरफ से एक सफेद रंग की पिकअप में मवेशी भरकर सामरीपाठ की ओर लाए जा रहे हैं। इनके आगे एक आर्टिगा कार रेकी करते हुए चल रही है। सूचना पर पुलिस टीम गवाहों के साथ केरापाठ रोड में चेक पोस्ट लगाकर नाकाबंदी की। कुछ देर बाद कुसमी की ओर से एक आर्टिगा कार क्रमांक जेएच 01 ईएस 7168 आई और उसके पीछे पिकअप क्रमांक जेएच 08 एएन 7197 आ रही थी।

पुलिस को देखकर कार चालक ने यू-टर्न लिया, वहीं पिकअप वाहन को तालाब के पास रोककर चालक जंगल की ओर भाग गया। पुलिस को पीछे देखकर कार वाहन में बैठे लोग भी कार लॉक करके अंधेरे में फरार हो गए। पुलिस ने पिकअप की तलाशी ली तो उसमें 5 भैंस और 1 पाड़ी को बुरी तरह से पैर और मुंह बांधकर ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। मवेशियों को गर्मी और घुटन के कारण सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। पुलिस ने मौके से पिकअप और आर्टिगा कार के साथ मवेशियों को अपने कब्जे में ले लिया है। मवेशियों को पशु चिकित्सक से जांच करवाकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपियों के तलाश में लगी है।

# 52 आवास हितग्राहियों की एसडीएम कार्यालय में हुई पेशी

## अगली सुनवाई तक निर्माण पूर्ण करने के निर्देश, नवीन फोटो अनिवार्य

**छ.ग.फ्रंटलाइन भैयाथान।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत राशि प्राप्त कर लेने के बाद भी आवास निर्माण से मुंह मोड़ने अथवा कार्य अधूरा छोड़ने वाले हितग्राहियों के प्रति जिला प्रशासन ने अब सख्त रुख अपना लिया है। सतत निगरानी के साथ समझाइश की कड़ी में विकासखण्ड भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायतों के ऐसे 52 हितग्राहियों को एसडीएम कार्यालय में तलब कर उनकी पेशी ली गई। सुनवाई के दौरान एसडीएम चांदनी कंवर ने प्रत्येक हितग्राही से व्यक्तिगत रूप से आवास निर्माण के प्रगति की जानकारी ली तथा विलंब के कारणों को समझा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजना है, इसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सम्मानजनक एवं सुरक्षित पक्का आवास उपलब्ध कराना है। योजनांतर्गत मिलने वाली राशि का उपयोग केवल और केवल आवास निर्माण के लिए ही किया जाना चाहिए। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों ने अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है, वे तत्काल काम शुरू करें, जिनके आवास निर्माणाधीन हैं, वे अगली सुनवाई तक हर हाल में निर्माण कार्य पूर्ण कर लें।



उन्होंने सभी हितग्राहियों को अगली पेशी में अपने आवास की नवीनतम फोटो प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य का सत्यापन संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मौके पर किया जाएगा, ताकि वास्तविक प्रगति का सटीक आंकलन हो सके। एसडीएम ने दो टूक कहा कि जब तक आवास निर्माण पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक संबंधित हितग्राहियों को नियमित रूप से पेशी में उपस्थित होना होगा। यदि निर्देशों की अनदेखी की गई अथवा निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई, तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश कार्यसमिति में स्वतंत्र मिश्रा सदस्य एवं सरगुजा संभाग के सह-प्रभारी



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के शीर्ष नेतृत्व द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्वतंत्र मिश्रा को भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की घोषित प्रदेश कार्य समिति में सदस्य एवं सरगुजा संभाग का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्ति के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कंडेय, यशवंत जैन, अखिलेश सोनी तथा भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक दिनेश सिंह के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की है। स्वतंत्र मिश्रा ने कहा कि, शीर्ष नेतृत्व ने एक सामान्य कार्यकर्ता पर विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, जिसके लिए वह सदैव कृतज्ञ रहेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए पूरी निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। साथ ही भारतीय जनता पार्टी की सेवा, सुशासन और जन कल्याण' की भावना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

# पुलिस के नाक के नीचे पेट्रोल पंप में डीजल चोरी, कई घरों में भी चोरों ने धावा बोला

**छ.ग.फ्रंटलाइन भैयाथान।** झिलमिली थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्होंने थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित कुंवर पेट्रोल पंप को निशाना बना लिया। घटना सोमवार को देर रात की है। अज्ञात चोरों ने डीजल से भरे तेल टैंकर से करीब 200 लीटर तथा पास में खड़ी एक ट्रक से लगभग 200 लीटर डीजल चोरी करके फरार हो गए। इतना ही नहीं, चोरों ने उसी रात आसपास के कई घरों में भी चोरी का प्रयास किया।




जानकारी के मुताबिक, लखनपुर निवासी अनिल पाटिल के घर में खड़ी बाइक चोरी हो गई, वहीं हर्रापारा निवासी प्रतिपाल कुशवाहा के घर का ताला तोड़ा गया। हालांकि वहां से चोर कोई बड़ी चोरी नहीं कर सके और सब्जी लाने वाले प्लास्टिक का ट्रे छोड़कर चले गए। घर में बंधी बकरी को भी उन्होंने नहीं छुआ। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में पम्प के बिजली तार और ताले तोड़े जाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। थाने के नजदीक चोरी की इस घटना ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

**नाम सुधार हेतु सूचना**

मैं, RIMKI पिता SAKUN RAM , उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम लटोरी, थाना व तहसील लखनपुर, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़ की स्थायी निवासी हूं। मेरी जन्म तिथि 04/06/2001 है, जो मेरी अंकसूची एवं अन्य समस्त शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में दर्ज है तथा सत्य एवं सही है।
मेरे धार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम ROMKI पिता SAKUN RAM अंकित हो गया है, जो गलत है। अतः एतद्द्वारा सूचित किया जाता है ROMKI और RIMKI दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही हैं। भविष्य में सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंकिंग, शैक्षणिक एवं अन्य समस्त कार्यों/अभिलेखों के लिए मेरा सही नाम RIMKI पिता SAKUN RAM_ एवं जन्म तिथि 04/06/2001 ही मान्य किया जाए।

**RIMKI**
**पिता- SAKUN RAM**
**पता- ग्राम लटोरी, थाना व तहसील लखनपुर,**
**जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर